दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 97 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार , 12 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## बिहार के एग्जिट पोल्स
# एनडीए की 'प्रचंड जीत'




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को रिकॉर्ड 68.90 प्रतिशत (अंतिम) मतदान हुआ, जिसके साथ ही एक माह से अधिक चला चुनावी महासंग्राम समाप्त हो गया। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 'सुशासन' के नाम पर वोट मांगा, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'बदलाव' का आह्वान किया।

दोनों चरणों को मिलाकर कुल औसत मतदान 66.90 प्रतिशत रहा, जो पिछले चुनाव से लगभग 9.6त्न अधिक है। अब सबकी निगाहें 14 नवंबर के नतीजों पर टिकी हैं। ये नतीजे तय करेंगे कि बिहार के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक और कार्यकाल मिलेगा, या तेजस्वी यादव सत्ता की कमान संभालेंगे, जिन्होंने मौजूदा शासन को खटारा गाड़ी बताया था।

### मंत्री संतोष सुमन ने एनडीए की जीत का किया दावा

बिहार चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान के दिग्गज नेताओं ने भी इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन भी दोपहर के बाद मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। मंत्री संतोष कुमार सुमन ने पत्नी दीपा मांझी के साथ गांव में स्थित मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महकार में मतदान किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि दूसरे चरण में मतदाताओं ने विकास के पक्ष में मतदान किया। यह इस बात का साफ प्रमाण है कि बिहार में इस बार एनडीए रिकॉर्ड सीट जीतकर सरकार बनाने जा रहा है।

### बिहार चुनाव एग्जिट पोल परिणाम 2025 : रिजल्ट से पहले मनोज तिवारी खुश

बिहार चुनाव के एग्जिट पोल को लेकर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि महागठबंधन ने पहले ही हार मान ली है। माफिया जिंदाबाद कहने वालों को कौन वोट देगा? महिलाओं का समर्थन मिल रहा है। बड़ा बदलाव आया है, महिलाएं और जेन जी पीएम मोदी और नीतीश कुमार का समर्थन और भरोसा करती हैं।

### आरजेडी ने कहा- हमारी जीत होगी

बिहार चुनाव के एग्जिट पोल में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलता दिख रहा है। राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि एग्जिट पोल पहले भी गलत साबित हुए हैं और आगे भी गलत साबित होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 14 नवंबर को महागठबंधन और तेजस्वी यादव भारी मतों से जीतेंगे। बिहार की जनता ने एनडीए सरकार के खिलाफ और तेजस्वी को सरकार बनाने के लिए वोट दिया है। एग्जिट पोल देखकर जो लोग भ्रम में हैं, उन्हें भ्रम में रहने दें। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। यह तय है कि बिहार में महागठबंधन और तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी।

### बिहार चुनाव एग्जिट पोल परिणाम 2025 : कांग्रेस का रिएक्शन से इंकार

बिहार चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मैं एग्जिट पोल पर कुछ नहीं बोलूंगी। नतीजे आने पर हम इस पर चर्चा करेंगे। हालांकि, बिहार सबक सिखाएगा क्योंकि उसके वोट के अधिकार के साथ छेड़छाड़ की गई है... मुझे पूरा यकीन है कि महागठबंधन सरकार बनाएगा। जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद के मुताबिक, एग्जिट पोल के रुझानों से साफ है कि पूरे बिहार में नीतीश कुमार की लहर थी, और वह एक बार फिर एनडीए के तुरुप का इक्का बनकर उभरे हैं। उन्होंने दावा किया कि मतदाताओं ने नीतीश कुमार पर आंख मूंदकर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि सभी एग्जिट पोल का सार यही है कि एनडीए की सरकार फिर बनेगी और 14 तारीख को नतीजे आने पर विपक्ष पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि तेजस्वी यादव सिर्फ दावे कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जनता ने महागठबंधन को नकार दिया है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि जनता ने एनडीए और नीतीश कुमार पर अपनी मुहर लगा दी है, और वही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे।

## महापोल: पोल ऑफ पोल्स

| SN. | न्यूज चैनल/ एजेंसी | NDA | महागठबंधन | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक भास्कर* | 145-160 | 73-91 | 5-10 |
| 2 | मैट्रिज- IANS | 147-167 | 70-90 | 0 |
| 3 | पीपुल पल्स | 133-159 | 75-101 | 2-13 |
| 4 | पीपुल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 3-8 |
| 5 | चाणक्य | 130-138 | 100-108 | 3-5 |
| 6 | पोलस्ट्रेट | 133-148 | 87-102 | 3-5 |
| 7 | JVC'S polls | 135-150 | 88-103 | 3-6 |
| 8 | पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | 1-5 |
| 9 | टाइम्स नाउ | 143 | 95 | 5 |
| 10 | प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | 7 |
| 11 | पी मार्क | 142-162 | 80-98 | 3-8 |
| 12 | टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | 3-6 |
| 13 | न्यूज़ 24 | 152 | 84 | 7 |
| पोल ऑफ पोल्स | | 154 | 84 | 5 |



## बिहार ने रचा इतिहास : 63 साल बाद 67% मतदान
### पिछले 4 चुनाव में महिलाओं ने वोटिंग में पुरुषों को पछाड़ा

पटना। देश की आजादी के उपरांत बिहार विधानसभा चुनाव में 2025 में मतदाताओं ने इतिहास रच दिया। पहली बार रिकॉर्ड 67 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मतदान किया है। पहले चरण में छह नवंबर को 65 .08 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं, मंगलवार को दूसरे चरण में 68 .89 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इसके साथ ही सभी 243 विधानसभा क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि रात नौ बजे बताया कि दूसरे चरण के करीब दो हजार बूथों से अभी आंकड़े लिया जाना शेष है। देर शाम तक मिले आंकड़ों के अनुसार, दूसरे चरण वाले 20 जिले में सर्वाधिक कटिहार में 78 .63, किशनगंज में 78 .06 एवं पूर्णिया में 76 .04 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। अब 14 नवंबर को भारत निर्वाचन अयोग की ओर बिहार के 46 मतगणना स्थलों पर सुबह आठ बजे मतगणना कराया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि बंपर वोटिंग पीछे एनडीए सरकार की ओर से जीविका समूह से जुड़े महिलाओं को मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत हर परिवार की महिला को 10 हजार रुपये एवं लगभग दो करोड़ परिवार को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जाना है।

## दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद का नया सीसीटीवी फुटेज
### गलियों में भगदड़, दुकानें छोड़कर भागे कारोबारी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/श्रीनगर/फरीदाबाद/लखनऊ।** दिल्ली ब्लास्ट का एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि मोबाइल की शॉप की दुकानों पर भीड़ लगी है। जैसे ही ब्लास्ट होता है, लोग दुकानों के अंदर भागते हैं। चांदनी चौक की तंग गलियों में भी लोग भागते दिखे।

यह धमाका लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास सोमवार शाम 6.52 बजे हुआ था। अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। मरने वालों में 2 महिलाएं भी हैं। अब तक दो शवों की पहचान हो पाई है। बाकी की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। मंगलवार शाम तक ब्लास्ट वाली जगह से फोरेंसिक टीम ने 42 सबूत जुटाए। इनमें उस आई20 कार (जिसमें ब्लास्ट हुआ) उसके पार्ट्स, टायर, चेसिस, सीएनजी सिलेंडर, बोनट के पार्ट्स समेत दूसरे हिस्से शामिल हैं। बुधवार से इन सबूतों की जांच शुरू होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट में दावा किया गया है कि धमाके से पहले 3 घंटे तक कार सवार डॉ. मोहम्मद उमर नबी मेट्रो की पार्किंग में बैठा रहा था। पार्किंग सीसीटीवी से इसका खुलासा हुआ है। हालांकि अब कार ब्लास्ट की जांच अब एनआई को सौंपी गई है।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने ऐलान किया है कि ब्लास्ट में जान गंवाने वालों के परिवारों को 10 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जो लोग पूरी तरह से दिव्यांग हुए हैं, उन्हें 5 लाख की मदद मिलेगी। गंभीर घायलों को 2 लाख दिए जाएंगे। घायलों के संपूर्ण इलाज का खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी।

## दोषियों पर टूटेगा एजेंसियों का कहर
### दिल्ली ब्लास्ट के बाद एक्शन में अमित शाह; एनआईए को सौंपी जांच



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोमवार को लाल किला के सामने हुए धमाके की जांच एनआईए करेगी। गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से पेश विस्तृत रिपोर्ट के बाद धमाके को आतंकी कृत्य मानते हुए एनआइए को जांच सौंप दिया गया। बैठक के बाद इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि %इस कृत्य में शामिल हर व्यक्ति हमारी एजेंसियों के कहर का सामना करेगा। सोमवार को देर रात घायलों से मुलाकात करने के बाद अमित शाह ने मंगलवार पूरे मामले की समीक्षा और तेजी से जांच सुनिश्चित करने के लिए दो उच्च स्तरीय बैठक की। सुबह 11 बजे पहली बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा, एनआइए के महानिदेशक सदानंद वसंत दवे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वहीं जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े थे।

### पूरे मामले की जांच एनआईए से कराने का फैसला

दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सोमवार के धमाके और उसकी जांच की विस्तृत रिपोर्ट दी, वहीं नलिन प्रभात ने पूरे माड्यूल और अब तक की जांच में मिले तथ्यों से अवगत कराया। जम्मू-कश्मीर, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और दिल्ली जैसे कई राज्यों में फैले नेटवर्क और उसके खतरनाक मंसूबे को देखते हुए पूरे मामले की जांच एनआइए से कराने का फैसला लिया गया। बाद में अमित शाह ने तीन बजे एनआइए, एनएसजी और एफएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अलग से बैठक की। इस बैठक में शाह ने एफएसएल के अधिकारियों को विस्फोट में इस्तेमाल की गई कार से मिले सभी सैंपल की गहराई और तेजी से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा।

### सीसीटीवी में पुलवामा का डॉक्टर कार चलाते दिखा
#### दावा- फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था; 3 डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद धमाका किया

दिल्ली में सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई टी-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया। सूत्रों के अनुसार, कार में बैठे संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा पेशे से डॉक्टर मोहम्मद उमर नबी से मेल खाता है। डॉक्टर उमर पुलवामा का रहने वाला है। डॉ. उमर फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में फैकल्टी था। उस पर जैश-ए-मोहम्मद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है वह हरियाणा के फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था। दिल्ली में धमाके से कुछ घंटे पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 3 तीन डॉक्टरों सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 2,900द्यद्द विस्फोटक, एक असॉल्ट और एक-च-47 राइफल जब्त हुए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें जैश से जुड़े 4 डॉक्टरों की तलाश थी। इनमें डॉ. उमर भी शामिल था। दावा है कि 3 डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद उमर ने दिल्ली में आत्मघाती हमले को अंजाम दिया।

## अंता उपचुनाव में 82.42% मतदान
### निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने धरना दिया
#### मांगों को लेकर वोटिंग का बहिष्कार, बैनर लगाया

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( बारां )।** बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई। निर्वाचन आयोग के अनुसार 82.42प्रतिशत मतदान हुआ है। वोटर्स को पोलिंग बूथ में मोबाइल नहीं ले जाने दिया गया। गांव साकली के मतदान केंद्र 219 पर लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया था। लोग सड़क समेत कई मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे थे। लोगों के समर्थन में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा धरने पर बैठे थे। हालांकि 15 मिनट बाद ही उन्होंने धरना खत्म कर दिया था। अंता में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें बीजेपी से मोरपाल सुमन और कांग्रेस से प्रमोद जैन भाया हैं। निर्दलीय नरेश मीणा के कारण त्रिकोणीय मुकाबला है। चुनाव आयोग की ओर से 2,27,563 वोटर्स के लिए 268 मतदान केंद्र बनाए गए थे। हर मतदान दल के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात रहे थे। वोटिंग शाम 6 बजे तक हुई।



## सम्पादकीय

# आतंक का नया रूप, पूरे नेटवर्क कैसे होगा नाकाम?

अंततः यह आशंका सच साबित हुई कि दिल्ली में लाल किले के निकट 12 लोगों की जान लेने वाला कार धमाका आतंकी घटना हो सकता है। विस्फोटक से लैस कार का चालक डाक्टर उमर मोहम्मद उन संदिग्ध आतंकियों का साथी निकला, जिनके ठिकानों से लगभग तीन हजार किलो विस्फोटक और घातक हथियार बरामद किए गए थे। आतंकी दिल्ली में जिस तरह 14 वर्षों बाद एक बड़ी घटना को अंजाम देने में सफल हो गए, उसने मोदी सरकार के साथ पुलिस, खुफिया संगठनों एवं आतंकवाद निरोधक एजेंसियों की चुनौती बढ़ा दी है। सुरक्षा एजेंसियां आतंकियों और उनके ठिकानों तक तो पहुंच गईं, लेकिन वे उनके पूरे नेटवर्क को नाकाम नहीं कर सकीं। केंद्र सरकार के कठोर रुख को देखते हुए इस पर भरोसा किया जा सकता है कि सुरक्षा एजेंसियां आखिरकार इस पूरे आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने में सक्षम होंगी, लेकिन समस्या केवल एक आतंकी नेटवर्क की नहीं है। हाल में कई ऐसे आतंकी नेटवर्क पकड़े गए हैं, जो देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय होकर आतंक की साजिश रच रहे थे। स्पष्ट है कि सुरक्षा एजेंसियों और विशेष रूप से आतंक निरोधक एजेंसियों को और अधिक सतर्कता का भी परिचय देना होगा और आपसी सहयोग का भी। कश्मीर के आतंकियों ने जिस तरह फरीदाबाद में ठिकाना बना लिया, उसे देखते हुए यह साफ है कि वे देश में कहीं पर और किसी भी रूप में छिपे हो सकते हैं। दिल्ली को दहलाने वाली घटना के लिए जिन आतंकियों को जिम्मेदार माना जा रहा है, उनके तार जिस तरह पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं, उस पर हैरानी नहीं। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आतंकवाद के खिलाफ नई नीति के तहत क्या पाकिस्तान के खिलाफ नए सिरे से कोई कठोर कार्रवाई की जाएगी? यह प्रश्न इसलिए भी, क्योंकि आपरेशन सिंदूर अभी जारी है।



निःसंदेह चुनौती केवल पाकिस्तान को सबक सिखाने की ही नहीं, इसकी भी है कि उसके उकसावे में आकर कश्मीर से लेकर केरल तक आतंक की राह पर चलने वालों पर कैसे लगाम लगे? यह चुनौती केवल सरकार के समक्ष ही नहीं, समाज और विशेष रूप से मुस्लिम समाज के सामने भी है। यह बड़े संकट का सूचक है कि डाक्टरी की पढ़ाई करने वाले भी आतंकी बनना पसंद कर रहे हैं। इससे आतंक एक नए रूप में उभर रहा है और यह बता रहा है कि मजहबी उन्माद कहीं व्यापक रूप में फैल गया है। इस गंभीर समस्या का सामना तब संभव है, जब सरकारी तंत्र के साथ मुस्लिम समाज का राजनीतिक, धार्मिक नेतृत्व यह देखने को तैयार होगा कि उसके पढ़े-लिखे युवा भी आतंक का पाठ क्यों पढ़ रहे हैं? निःसंदेह वह ऐसा तभी कर पाएगा, जब आतंक पर राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों के बहकावे में नहीं आएगा। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में आतंकवाद पर कैसी सस्ती राजनीति की जाती है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 12 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1781 - अंग्रेजो ने नागापट्टनम पर क़ब्ज़ा किया।
- 1847 - ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने बेहोशी की दवा के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
- 1918 - ऑस्ट्रिया एक गणतंत्र बना।
- 1925 - अमेरिका और इटली ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1930 - लंदन में पहली बार गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत इसमें 56 भारतीय और 23 ब्रिटिश प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ।
- 1936 - केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।
- 1953 - इजराइल के प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 1956 - मोरक्को, सूडान और ट्यूनिशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- 1963 - जापान में ट्रेन दुर्घटना में 164 लोग मारे गये।
- 1967 - इंदिरा गाँधी को प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया।
- 1969 - प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से अलग करने की घोषणा की गई थी।
- 1974 - दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।
- 1990 - जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार सिंहासनरोहण।
- 1995 - नाइजीरिया राष्ट्रमंडल की सदस्यता से निलंबित।
- 2001 - न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।
- 2002 - संयुक्त राष्ट्र ने स्विटजरलैंड के संघीय ढांचे के आधार पर साइप्रस के लिए एक नयी शांति योजना तैयार की।
- 2005 - ढाका में 13वाँ दक्षेस शिखर सम्मेलन प्रारम्भ। भारतीय प्रधानमंत्री ने दक्षेस शिखर सम्मेलन के दौरान आतंकवाद को समाप्त करने का आह्वान किया।

## विशेष आलेख

# हर हादसा एक सवाल है जवाब कौन देगा?





प्रो. आरके जैन

इंदौर की सडक़ पर बिखरा ख़ून और दिल्ली के आसमान में गूंजा धमाका दो शहर, दो हादसे, लेकिन एक ही सच्चाई कहीं कोई सुरक्षित नहीं। हर सुबह अब डर की दस्तक के साथ आती है। कभी सडक़ें जाल बन जाती हैं, जहाँ ज़िंदगी हर मोड़ पर फिसलती है, तो कभी पुल अपनी ही नींव पर धोखा दे देते हैं। भीड़भरे बाज़ारों में मुस्कानें भी अब डर की आहट सुनती हैं, और बच्चों की हँसी में भी अनजानी चिंता घुली रहती है। न जाने कब कोई गाड़ी बेकाबू होकर मासूम ज़िंदगियों को कुचल दे, न जाने कब कोई पुल थककर ढह जाए, न जाने कब किसी उत्सव में खुशियों के बीच बारूद की गंध फैल जाए। हर हादसे के बाद वही बयान, वही मुआवज़े, वही चुप्पी और फिर वही लौटता हुआ डर। अब सच्चाई यही है कहीं कोई सुरक्षित नहीं। अब देश में सुरक्षा कोई हकीकत नहीं, बस आंकड़ों का छलावा बन गई है। रिपोर्टें दावे करती हैं कि अपराध घट रहे हैं, दुर्घटनाएँ कम हुई हैं पर सच्चाई यह है कि ज़मीन पर इंसान का भरोसा हर दिन थोड़ा और टूटता जा रहा है। जब शासन की प्राथमिकता सुरक्षा नहीं, बल्कि बयानबाज़ी की चमक बन जाए, तब हादसे नियति नहीं, व्यवस्था की नाकामी कहलाते हैं। सवाल यह नहीं कि गाड़ी किसकी थी या पुल किस ठेकेदार ने बनाया; सवाल यह है कि ज़िम्मेदारी आखिर तय कब होगी, जवाबदेही कब जागेगी, और इंसानियत अपने मलबे से कब उठेगी? हर त्रासदी के बाद व्यवस्था का चेहरा अब पहचान में आने लगा है बयानबाज़ी से सना हुआ, संवेदनहीन और यांत्रिक। दोषियों पर सख़्त कार्रवाई होगी, जांच कमेटी गठित की गई है, मुआवज़ा घोषित किया गया है जैसे यही शब्द अब शासन की आत्मा और संवेदना दोनों बन गए हों। पर सच्चाई यह है कि इन बयानों के पीछे छिपी है एक गहरी बेफिक्री, एक निष्ठुर ठहराव। जब किसी बच्चे की सांसें थमती हैं, किसी माँ की गोद सूनी होती है, तो उस दर्द को 'मुआवज़े' की रकम से नहीं तोला जा सकता। लेकिन व्यवस्था ने दर्द को भी 'फाइल नंबर' बना दिया है। आज हर सडक़ पर डर है और हर मोड़ पर लापरवाही का साया। दुर्घटनाओं की जड़ तेज़ रफ़्तार में नहीं, बल्कि सुस्त और बेपरवाह व्यवस्था में छिपी है। कहीं बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के ट्रक दौड़ रहे हैं, कहीं बिना प्रशिक्षण के ड्राइवर जानों से खेल रहे हैं, और कहीं पुलिसकर्मी घूस के बदले ज़िम्मेदारी गिरवी रख चुके हैं। नतीजा कोई मासूम सडक़ पर कुचल जाता है, कोई परिवार बिखर जाता है, और व्यवस्था अपनी जगह अडिग खड़ी रहती है। पुल गिरते हैं क्योंकि ईमानदारी की जगह रिश्वत ने नींव पकड़ी है; इमारतें ढहती हैं क्योंकि मंजिलें अनुमति से नहीं, सांठगांठ और स्वार्थ से खड़ी हुई हैं। और हर बार वही रटा-रटाया जवाब जांच जारी है। पर अफ़सोस, जांच भले जारी हो, न्याय अब भी लंबित है। हकीकत यही है सुरक्षा अब 'सुविधा' नहीं, बल्कि 'संघर्ष' बन चुकी है। अब आम आदमी को ज़िंदा रहने तक के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है सडक़ पार करने से लेकर न्याय की चौखट तक। कानून का शिकंजा कमज़ोरों पर कसता है, मगर ताकतवरों के आगे ढीला पड़ जाता है। अगर किसी नेता या मंत्री की गाड़ी लाल बत्ती तोड़े, तो उसे काफ़िला कहा जाता है; वही गलती आम आदमी करे, तो वह अपराधी ठहराया जाता है। यही दोहरापन बताता है कि व्यवस्था की जड़ें कितनी सड़ चुकी हैं जहाँ इंसाफ़ का तराज़ू झुक चुका है, और आम आदमी सिफऱ् संघर्ष का पर्याय बन गया है। समस्या सिफऱ् ढाँचों या नीतियों की नहीं, हमारी सोच की जड़ता की है। अब हादसे खबर बनते हैं, संवेदना नहीं जगाते। लोग मदद से ज़्यादा कैमरे उठाते हैं, अधिकारी या नेता निरीक्षण से ज़्यादा बयान देते हैं, और मीडिया सच से ज़्यादा सनसनी बेचता है। वह समाज, जो कभी बदलाव की ताक़त था, अब बेबसी का प्रतीक बन चुका है। क्यों बोलें? कुछ बदलता तो है नहीं यह वाक्य आज की सबसे बड़ी त्रासदी है, जो बताता है कि हम सिफऱ् पीडि़त नहीं, मौन दर्शक भी बन गए हैं।

पर क्या सचमुच कुछ नहीं बदला जा सकता? बदला जा सकता है अगर 'निलंबन' से आगे बढक़र 'जवाबदेही' को अनिवार्य बनाया जाए। अगर हर ठेकेदार, हर अधिकारी, हर मंत्री यह जाने कि उसकी लापरवाही पर सिफऱ् जांच नहीं, सज़ा तय होगी तब न पुल ढहेगा, न सडक़ खून से रंगेगी। बदलाव भाषणों से नहीं, इरादों और व्यवहार से आता है। और जब तक व्यवस्था यह नहीं समझती कि जनता उसकी 'प्रजा' नहीं, बल्कि साझेदार और अधिकार-धारी है तब तक यह देश विकास के वादों के बीच, असुरक्षा के अंधेरे में भटकता रहेगा। इस देश की सबसे बड़ी ज़रूरत अब विकास नहीं, इंसानियत की बहाली है। क्योंकि जब व्यवस्था बेदर्द हो जाती है, तो कानून बहरा पड़ जाता है और न्याय अपनी आँखों पर नहीं, आत्मा पर पट्टी बाँध लेता है। हमें यह समझना होगा कि हर दुर्घटना, हर हादसा सिफऱ् एक खबर नहीं एक चेतावनी है, एक सबक है। लेकिन अफ़सोस, हम हर सबक को उतनी ही जल्दी भूल जाते हैं, जितनी जल्दी अगली त्रासदी दस्तक देती है। जब तक हम सीखने के बजाय सहने की आदत नहीं छोड़ते, तब तक कोई भी हादसा आखिऱी नहीं होगा। हर सांस अब असुरक्षा के साये में चल रही है सडक़ों पर, पुलों पर, भीड़ में और अकेलेपन में। डर अब हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है। अगर हमने अब भी अपनी संवेदनाएँ नहीं जगाईं, अगर हमने जवाबदेही की मांग नहीं की, तो आने वाली पीढियाँ हमें हमारे मौन और उदासीनता के लिए कभी माफ़ नहीं करेंगी। देश तभी सुरक्षित होगा, जब हर नागरिक की जान, हर बच्चे की मुस्कान और हर पुल की नींव ईमानदारी से जुड़ी होगी। वरना हादसे बस तारीख़ें बदलते रहेंगे और व्यवस्था हर बार वही पुराना वाक्य दोहराएगी जांच जारी है।

# उत्तराखंड शहरीकरण के दौर में आध्यात्मिक नगरी का नव निर्माण



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*पिछले दो दशकों में जिस प्रकार राज्य ने बुनियादी ढांचे, नागरिक सुविधाओं, ऊर्जा-जल प्रबंधन और डिजिटल सूचना-तकनीक में उल्लेखनीय विकास किया है, उससे यह ना केवल भारत बल्कि वैश्विक मानचित्र पर 'आध्यात्मिक नगरी' के रूप में स्थापित होने को तत्पर है।*

उत्तराखंड, भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीन सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों का केंद्र, अब 21वीं सदी के शहरीकरण एवं आध्यात्मिक नवोत्थान का अग्रदूत बन चुका है। पिछले दो दशकों में जिस प्रकार राज्य ने बुनियादी ढांचे, नागरिक सुविधाओं, ऊर्जा-जल प्रबंधन और डिजिटल सूचना-तकनीक में उल्लेखनीय विकास किया है, उससे यह ना केवल भारत बल्कि वैश्विक मानचित्र पर 'आध्यात्मिक नगरी' के रूप में स्थापित होने को तत्पर है उत्तराखंड, भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीन सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों का केंद्र, अब 21वीं सदी के शहरीकरण एवं आध्यात्मिक नवोत्थान का अग्रदूत बन चुका है। पिछले दो दशकों में जिस प्रकार राज्य ने बुनियादी ढांचे, नागरिक सुविधाओं, ऊर्जा-जल प्रबंधन और डिजिटल सूचना-तकनीक में उल्लेखनीय विकास किया है, उससे यह ना केवल भारत बल्कि वैश्विक मानचित्र पर 'आध्यात्मिक नगरी' के रूप में स्थापित होने को तत्पर है। बीते वर्षों में केंद्र सरकार, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, उत्तराखंड को 'दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी' की पहचान देने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण और योजनाएं लागू की गई हैं। तात्कालिक तौर पर घोषित 8,140 करोड़ रुपये के बहुपक्षीय विकास प्रोजेक्ट्स जिनमें आयुर्वेद, निर्माण, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, खेल, स्मार्ट सिटी, परिवहन एवं शहरी विकास सम्मिलित हैं ने न केवल धार्मिक पर्यटन को सशक्त किया है, बल्कि स्थानीय युवाओं के रोजगार का भी मार्ग प्रशस्त किया है। उत्तराखंड की इस आध्यात्मिक



और तकनीकी यात्रा की सबसे बड़ी खूबी यही रही है कि विकास के हर चरण में सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता दी गई है। राज्य की पहाड़ी संस्कृतियों, लोक परंपराओं और सबसे महत्वपूर्ण यहां के प्रमुख धार्मिक स्थल सदियों से भारत की आध्यात्मिक चेतना के केंद्र रहे हैं। ऋषिकेश, हरिद्वार, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, जागेश्वर, आदि कैलाश, हैमकुंड साहिब जैसे ऐतिहासिक स्थल अब नए रूप में तीर्थयात्रा, वेलनेस टूरिज्म और चिकित्सा-योग केंद्रों का भी रूप ले चुके हैं। सरकार की पहल पर चारधाम हाईवे और चारधाम रेलवे प्रोजेक्ट, गोरिकुंड-केदारनाथ रोपवे, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे, गंगा कॉरिडोर प्रोजेक्ट, स्मार्ट सडक़ों, हेलिपैड्स, नए पार्किंग स्पेस और सूचना केंद्रों जैसी आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएँ क्रियान्वित की गई हैं। इन नवाचारों से तीर्थयात्रियों, बुजुर्गों और विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा, आवास, पोषण और चिकित्सा सेवा सहज हो गई है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### वेडिंग ऐनिवर्सरी



यार मोना समझा करो बॉस को क्या बोलूँ कि मेरी वेडिंग ऐनिवर्सरी है इसलिए टूर पर नहीं जा सकता! सौरभ की आवाज़ थी। हाँ! क्यों? शर्म आती है! यह दिन सिफऱ् मेरा है और मेरा हक़ है कि तुम अपना दिन मेरे साथ स्पेंड करो या 12 साल 2 बच्चों के बाद अब वो बात नहीं रही, मन भर गया! मोना ने उलाहना देते हुए कहा। क्या बोले जा रही हो? यार कम से सब कुछ है अगर ये कॉन्ट्रेक्ट मिल गया तब सारा बोनस तुम्हारा और मैं शनिवार दोपहर तक आ जाऊँगा 14 की जगह 15 को मना लेंगे.... बहस होती गयी आखिऱ सौरभ कमरे में सोने चला गया। थोड़ी देर टीवी पर चैनल अदल-बदल मोना भी सो गयी। मोना उदास मन से सुबह बच्चों को बस स्टॉप छोड़ के दूध लेने चल पड़ी रास्ते में आरज़ू मिली। क्या हाल है मोना? आरज़ू ने पूछा। सब ठीक तुम कहाँ चल दी, सुबह-सुबह? मोना ने कहा। दरगाह जा रही हूँ, आज हमारी वेडिंग ऐनिवर्सरी है। अब मेजर ख़ान एलओसी पर है, उनकी सलामती का नेग देने जा रही हूँ। वो है तो हम है, अच्छा लेट हो जाऊँगी। शाम को पार्क में मिलते है। कहकर आरज़ू आगे बढ़ गयी। मोना ने तेज़ी से क़दम घर की ओर बढ़ाए, सौरभ को चाय के साथ एक गुलाब देते हुए बोली, कौनसे कपड़े ले जाने है? पैकिंग कर दूँगी।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# खाली पेट नहीं निगलना चाहिए साबुत लहसुन आयुर्वेद एक्सपर्ट से जानें खाने का सही तरीका

लहसुन हम भारतीयों के किचन का अहम हिस्सा है। लहसुन न सिर्फ भोजन को एक बेहतरीन स्वाद और खुशबू प्रदान करता है, बल्कि उसके स्वास्थ्य लाभों को भी कई गुना अधिक बढ़ा देता है। हम में से कई लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए गलत तरीके से लहसुन का सेवन करते हैं। जिसकी वजह से इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. चैतली राठौड़ की मानें, तो स्वास्थ्य लाभ के लिए जो लोग लहसुन को साबुत ही निगल लेते हैं। इससे आपको किसी भी तरह से



लहसुन के पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं होते हैं। उन्होंने एक इंस्टाग्राम पोस्ट इसके बारे में विस्तार से बताया है कि सुबह लहसुन की कलियां क्यों नहीं निगलनी चाहिए और लहसुन खाने का सही तरीका।

खाली पेट साबुत लहसुन क्यों नहीं निगलना चाहिए? आयुर्वेद में लहसुन को सबसे गुणी जड़ी-बूटियों में गिना जाता है। कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोगों से बचने के लिए कई लोग सबुह खाली पेट लहसुन निगलते हैं, लेकिन फिर भी कोई फायदा नहीं होता है। आयुर्वेद के अनुसार लहसुन खाने का सही तरीका मालूम होना चाहिए। लहसुन के फायदों के लिए निगलना नहीं चाहिए, बल्कि कूटकर उसका सेवन करना चाहिए। दरअसल लहसुन में एलिसिन यौगिक पाया जाता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने के बाद ही फुर्सत लेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को निभायेंगे।

**वृष**

आज आपको अपने बेफिजूल के खर्चों को करने से बचना होगा। परिवार में किसी बात को लेकर सदस्यों में कोई गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। आपका किसी वाद-विवाद को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट के मिलने से काफी खुश होंगे। बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, कुछ उतार-चढ़ाव यदि आए थे, तो उससे आपका कोई नुकसान हो गया था, उसकी भी भरपाई हो सकती है।

**कर्क**

आज आप काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे और आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं। परिवार में सदस्य भावनात्मक रूप से दूसरे से जुड़ेंगे।

**सिंह**

आज आप अपने काम से लोगों का दिल जीतेंगे। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपकी किसी बड़ी डील के फाइनल होने से आप अपने घर किसी पार्टी का आयोजन भी कर सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी और आप अपने कामों में एक-दूसरे का साथ पाकर काफी खुश होंगे।

**तुला**

आज आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जो आपकी टेंशन का कारण बनेगा। आपको इधर बैठकर खाली समय व्यतीत करने से बचना होगा। आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। संपत्ति को लेकर यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो उसके भी दूर होने की संभावना है।

**धनु**

आज आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी की याद सता सकती है। आपको अपने बॉस की बातों को इग्नोर करने से बचना होगा। जो लोग सिंगल हैं।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपका मनोबल भी अच्छा रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**कुंभ**

आज आपको अच्छी सोच का लाभ मिलेगा। धन धान्य में वृद्धि होने से आपको खुशी मिलेगी। जीवनसाथी को किसी दूसरी नौकरी से बुलावा सकता है, उनके करियर को लेकर आपको काफी खुशी होगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का एक दूसरे पर विश्वास बना रहेगा और आप अपने कामों को लेकर भी काफी सख्ती दिखाएंगे, जिससे वह आसानी से और सम पर पूरे हो जाएंगे।

# नेहरू जयंती पर नगर पालिका परिसर स्थित नेहरू उद्यान में कांग्रेस जन करेंगे श्रद्धांजलि अर्पित

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** 14 नवंबर शुक्रवार को भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री जवाहर लाल नेहरू की जंयती मनाई जाएगी। यह जानकारी नगर कांग्रेस के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता रमेश चंद गोयल ने दी है । कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र गोयल ने यह भी बताया कि पंडित नेहरू जयंती के इस अवसर पर नगर पालिक परिसर में नेहरू उद्यान में नेहरू प्रतिमा पर कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। इस मौके पर देवली नगर कांग्रेस कमेटी, के कांग्रेस कार्यकर्ता, पूर्व वर्तमान पार्षद गण, सेवा दल,युवक कांग्रेस,, वरिष्ठ कांग्रेस जन सहित संगठन के सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहेंगे।

# किसान महा पंचायत द्वारा तहसील में प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, फसल खराबे सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट/ टोंक (कमलेश गौतम)।** नगर फोर्ट तहसील कार्यालय में किसान महा पंचायत के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सुवालका के नेतृत्व में किसानों ने गिरदावर रामकेश मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में हुई अत्यधिक बारिश के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। किसानों ने मांग की कि उन्हें शीघ्र मुआवजा दिया जाए ताकि वे इस संकट से उबर सकें। साथ ही, आवश्यक खाद की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रहलाद सुवालका, भैरूलाल नायक, धर्मराज, मोहनलाल, हेमराज माली (कालू), किशनलाल, गोविंद नामा, श्रीकृष्ण, शिवनंदन सहित कई किसान शामिल थे।

# सूअर खेतों में घुसकर नष्ट कर रहे है किसानों की फसले



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सिरस सहित आसपास के गांवों में सूअरों द्वारा किसानों के खेतों में घुसकर खेतों में बोई गई फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव सिरस, श्योसिंहपुरा, मेहतापुरा, भेरूगंज, खलीलाबाद व वजीराबाद सहित कई गांवों में किसानों द्वारा बोई गई सरसों की फसल को सूअर खेतों में घुसकर बर्बाद कर रहे हैं। दर्जनों सूअर रात में किसानों के खेतो में घुसकर मिट्टी खोदकर सरसों व गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने बताया कि उक्त मामले को लेकर किसान महापंचायत भी निरंतर संघर्ष कर रही है। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि किसान महापंचायत केकार्यकर्ता गांव-गांव में पहुंचकर किसानों को जागरूक कर रहे है एवं सूअरों को पकड़वाने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे है। उक्त समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को भी ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाने के बाद भी सूअरों को नहीं पकड़वाने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने सिरस सरपंच को ज्ञापन देकर सुअरों को पकड़वाने की मांग की है।

# छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों से भी परिपूर्ण करना चाहिए- नरूका




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पूजा पाटीदार ने किया। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस प्रति वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षा के महत्व को उजागर करना व समाज में शिक्षा के प्रसार के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीईईओ व प्राचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का संचय नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया है। हमारे छात्रों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान बल्कि सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों से भी परिपूर्ण करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग करने पर अपने विचार व्यक्त किए।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरुषोत्तम जोशी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक द्वारा साहित्य मंच टोड़ारायसिंह के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व, बालिका शिक्षा के महत्व, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान एवं पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर विषयों पर छात्र- छात्राओं और स्टाफ को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने की। उनके साथ साहित्य मंच टोडारायसिंह से संयोजक ओमप्रकाश जैन बरवास एवं प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। सचिव जलुथरिया ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बच्चे के सर्वांगीण विकास की नींव है।

# हैकर्स पूछते नहीं, अनुमान लगाते हैं- अनुमान असंभव बनाइए

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** देशभर के मुख्य सचिवों के तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में '' साइबर सुरक्षा-उभरती चुनौतियां'' विषय पर निर्णय लिया गया था कि आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए डिजिटल साक्षरता का प्रसार-प्रसार जमीनी स्तर पर किया जाए। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि इस सम्बंध में एडवाजरी जारी की गई है। इसमें पासवर्ड सुरक्षा के सम्बंध में महत्वपूर्ण सलाह दी गई है। एडवाइजरी के अनुसार पासवर्ड डिजिटल जीवन की चाबी है। यह ईमेल, बैंक खातों, सोशल मीडिया और कार्य से जुड़े डाटा की सुरक्षा करता है। यदि कोई आपका पासवर्ड चुरा लेता है तो वह आपकी पहचान, धन या गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग कर सकता है। लंबा पासवर्ड रखें, कम से कम 12 से 16 अक्षरों का पासवर्ड बनाए। इसमें केपिटल और स्माल अक्षर, अंक और प्रतीक मिलाएं । आसान अनुमान लगाने योग्य शब्दों से बचें। लिखने पर सावधानी रखें यदि पासवर्ड कहीं लिखा हो, तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें, कंप्यूटर या कार्यस्थल के पास नहीं। हैकर्स पूछते नहीं, अनुमान लगाते हैं- अनुमान असंभव बनाइए। यदि आप साइबर अपराध के शिकार हैं, तो 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत दर्ज करें।

**फिशिंग से बचें-** फिशिंग तब होता है जब कोई विश्वसनीय व्यक्ति या कंपनी बनकर आपका विश्वास जीतकर आपकी व्यक्तिगत जानकारी (पासवर्ड, बैंक विवरण, या ओटीपी) हासिल करने की कोशिश करता है। वे आमतौर पर यह ईमेल, फ़ोन कॉल या ऐसे नकली वेबसाइट्स के ज़रिये करते हैं जो पहली नज़र में असली लगते हैं।

**वे आपको कैसे धोखा देते हैं-** वे नकली ईमेल, संदेश, या कॉल भेजते हैं जो असली कंपनियों या लोगों की तरह दिखते हैं जिन पर आप भरोसा करते हैं। वे ऐसे लिंक भेजते हैं जो आपको नकली वेबसाइट पर ले जाते हैं, जहाँ आपकी जानकारी चुराई जाती है। वे आपको डराकर या जल्दी कार्रवाई के लिए दबाव डालकर जैसे आपका अकाउंट ब्लॉक कर दिया जाएगा या आपको तुरंत कार्रवाई करनी है, गलती कराने की कोशिश करते हैं। वे ऐसे अटैचमेंट भेजते हैं जो खोलने पर आपके कंप्यूटर या फोन को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

**खुद को कैसे सुरक्षित रखें-** अज्ञात लोगों से आए लिंक पर क्लिक न करें या अटैचमेंट न खोलें। कॉल, ईमेल या संदेश पर कभी भी पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें। किसी साइट पर जाने के लिए उसका पता खुद टाइप करें किसी भी अनजान लिंक पर भरोसा न करें। मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और 2-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखें। अपने फोन और कंप्यूटर को अपडेट रखें। किसी भी संदिग्ध संदेश या ईमेल की सूचना अपनी आईटी या सिक्योरिटी टीम को दें।

# निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(पुरुषोत्तम जोशी)।** रोटरी क्लब टोंक बनास एवं शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन डाक बंगले में किया गया। क्लब के अध्यक्ष बादल साहू ने बताया की रोटरी क्लब टोंक बनास लगभग पिछले 2 साल से लगातार हर महीने के दूसरे मंगलवार को लगाता आ रहा है। क्लब के सचिव सीए आकाश जैन ने बताया की शिविर के माध्यम से अभी तक सभी नेत्र रोगियों के नेत्रों के ऑपरेशन पूर्ण रुप से सफल रहे हैं। कार्यक्रम में नेत्र रोगियों ने स्वयं यह बात बताई कि उनकी आंखों के ऑपरेशन बहुत अच्छे और निशुल्क हुए हैं । इस कार्यक्रम में रो. रोहिताशव कुमावत, पुरषोत्तम वाधवानी, अनिल अजमेरा, डॉ. प्रदीप गहलोत, डॉ. हिमांशु मित्तल एवं दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे । डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं उनकी टीम इस कार्यक्रम के दौरान शंकरा आई हॉस्पिटल की तरफ से उपस्थित रही। शिविर में लगभग 150 रोगियो का नैत्र परीक्षण किया गया एवं 62 रोगियों को ऑपरेशन के लिए पंजीकृत कर जयपुर ले जाया गया। 11 नवंबर से ही क्लब द्वारा विश्वस्तरीय थायरोकैर लैब मुंबई के साथ 7 दिवसीय जाँच शिविर कैंप का शुभारंभ भी किया गया, जो कि 17 नवंबर तक रहेगा। यह कैंप आगामी 7 दिवस तक रोज़ सुबह 7 से 12 बजे तक डाक बंगला टोंक में ही आयोजित किया जाएगा। कैंप का संचालन डॉ. राजेंद्र लखारा व उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है।

# कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने किया ज्योतिष सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** 14 दिसम्बर को 'मां कामाक्षा ज्योतिष शोध संस्थान'के द्वारा सवाई माधोपुर, राजस्थान मे होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन व धर्म संसद के लिए राजस्थान सरकार के कैबिनेट एवम कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा जी की अध्यक्षता मे पोस्टर का विमोचन किया गया और आयोजक टीम की ओर से मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर ज्योतिष सम्मेलन के आयोजक ज्योतिषाचार्य पं.ताराचंद शास्त्री (सवाई माधोपुर),श्रीकृष्णा ज्योतिष शोध संस्थान के संस्थापक आचार्य पं.भरतलाल शास्त्री( जयपुर), मनोज पाराशर, राष्ट्रीय संयोजक विप्र संवाद ब्राह्मण समाज, सवाई माधोपुर और परशुराम शर्मा जी ,समाज सेवी,लोकेश जी शर्मा जयपुर उपस्थित रहे। इस निशुल्क ज्योतिष महासम्मेलन मे देश-विदेश से ज्योतिष,वास्तु,तंत्र-मंत्र,आयुर्वेद, टैरो कार्ड,कर्म-कांड,कथावाचक और हस्तरेखा आदि से संबंधित करीब 300 विद्वान भाग लेगे। यह कार्यक्रम एक दिवसीय होगा और इस सुअवसर पर सभी भाग लेने वाले सभी विद्वानो को दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संत समागम व धर्म संसद होगी।

# सहायक राज्य संगठन आयुक्त अजमेर ने किया स्काउट गाइड ग्रुप विजिट

बढ़ता राजस्थान



टोंक,(पुरुषोत्तम जोशी)। सहायक राज्य संगठन आयुक्त राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मंडल मुख्यालय अजमेर विनोद दत्त जोशी द्वारा 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी लखनऊ में सहभागिता करने वाले स्थानीय संघ टोंक के स्काउट ग्रुप भास्कर पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक का स्काउट गाइड जिला मुख्यालय गुलजार बाग टोंक में चल रहें पूर्व तैयारी शिविर का निरीक्षण किया गया। सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट बनवारी लाल बैरवा ने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष में राजस्थान प्रदेश का राष्ट्रीय जंबूरी में उच्चतम स्तर रहे, इसलिए उनके द्वारा आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए गए। ग्रुप विजिट के दौरान उनके द्वारा शिविर कला, शिविर द्वार, पायनियरिंग, गेजेट्स, पिट्स, डेकोरेशन सामग्री, यूनिफॉर्म आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सी. ओ. स्काउट गाइड आचू मीणा, चंद्र प्रकाश कुर्मी सचिव स्थानीय संघ टोंक, यूनिट लीडर कपिल शर्मा, ट्रेनिंग काउंसलर अनिल कुमार नागर एवं धर्मराज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## मांडकला मेले में अव्यवस्था, टूटी वर्षों पुरानी परंपरा

बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट/ टोंक (कमलेश गौतम)।** मिनी पुष्कर के नाम से प्रसिद्ध मांडकला पशु मेला इस वर्ष अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया। ग्राम पंचायत नगर फोर्ट द्वारा आयोजित यह पारंपरिक मेला कई वर्षों बाद आयोजित किया गया, किंतु व्यवस्थाओं के अभाव में इसकी चमक फीकी पड़ गई। कार्तिक पूर्णिमा के चार दिन बाद ग्राम विकास अधिकारी ने ध्वज पूजन के साथ मेले की शुरुआत की।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 28 को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरुषोत्तम जोशी)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा टोंक के तत्वांवधान में 28 दिसम्बर को आयोजित होने जिला स्तरीय षष्ठम प्रतिभा सम्मान समारोह अम्बेडकर भवन शास्त्री नगर रेल्वे स्टेशन मालपुरा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महासभा सदस्य मुकेश कराडिया ने बताया कि समारोह में सम्मानित होने वाले प्रतिभाओं के चयन के लिए निम्न रखी गई हैए जिसमें योग्यता 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवम्बर 2025 तक 10 एवं 12 में उत्तीर्ण 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने विद्यार्थी, स्नातक या स्नाकोत्तर में उत्तीर्ण 70 प्रतिशत या इससे अधिकए आईआईटी, एनईईटी यूजी एण्ड पीजीए एमबीबीएसए बीवीएससीए बीएचएमएस, बीएएमएस, आईआईएम, जेईई एवं पीएचडी सत्र 2025 में चयनित या उत्तीर्ण, सरकारी सेवाओं में पदस्थापित सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारीए नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, पीएमश्रेष्ठा योजना प्रवेश परीक्षा 2025 में कक्षा 6, 9 एवं 11 में चयनित विद्यार्थी, अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत सरकारी, गैर सरकारी, व्यक्तिगत, संस्था स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभाएं, अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाएं, दहेज न लेने वाले नवदम्पति, मायरा, जामणा एवं पगड़ी दस्तूर में 101 रूपये लेने वाले परिवार, मृत्यु भोज नहीं करने वाले परिवार, गरीब बे-सहारा अनाथ बच्चो के हित में कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था, नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधि सरपंच, उपसरपंच, चैयरमेन, उपसभापति, पार्षद, सीआर, डीआर, प्रधान, जिला प्रमुख, विधायक, सांसद, कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष को सम्मानित किया जायेगा।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु महिला अधिकारिता विभाग की कार्यशाला आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** महिला अधिकारिता विभाग टोंक की ओर से मंगलवार को टोडारायसिंह ब्लॉक के पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना तथा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। सहायक निदेशक मेरिंगटन सोनी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यशाला में कक्षा 9 से 12वीं तक की सभी छात्राएं उपस्थित रही। महिला अधिकारिता विभाग टोंक की ओर से पन्नाधाय सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से अरुणा शर्मा ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, आशा शास्त्री ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना और कालीबाई भील उड़ान योजना की जानकारी दी। इसी क्रम में मंजू चौधरी ने मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना, सविता गुर्जर ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 तथा लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से बताया। ब्लॉक सुपरवाइजर रामेश्वर डूडी ने कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना की जानकारी साझा की।ष्ठ॥श्वङ्ख से उपस्थित जेंडर स्पेशलिस्ट भावना सक्सेना ने सखी वन स्टॉप सेंटर ओर द्वह्लह्वद्म सेंटर के कार्य एवं उद्देश्य बताएं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल श्री जगदीश प्रसाद जाट एवं अन्य अध्यापक तथा कक्षा 9 से12वीं की छात्राएं मौजूद रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाना और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना रहा।

# भारत भूमि का पुण्य है कि यहां तीर्थंकरों ने जन्म लेकर धर्म का प्रवर्तन किया- वर्धमान सागर

बढ़ता राजस्थान



B श्री पाश्र्वनाथ पंच कल्याणक समिति द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से आयोजित श्रीमद जिनेन्द्र पंचकल्याणक महा महोत्सव के चौथे दिन केवलज्ञान कल्याणक पर आयोजित धर्म सभा में वात्सल्य वारिधि राष्ट्र गौरव आचार्य वर्धमान सागर ने कहा कि तीर्थंकर भगवान को आहार की जरूरत नहीं होती है, फिर भी तीर्थंकर भगवान आहार के माध्यम से भविष्य का संविधान बनाते हैं कि मुनिराज किस प्रकार आहार करेंगे वे किस विधि से आहार लेंगे। पाश्र्वनाथ भगवान को केवलज्ञान होने पर धर्मतीर्थ का प्रवर्तन स्थान स्थान पर समवशरण में धर्म देशना दी। आचार्य वर्धमान सागर जी ने समवशरण में मुनिराज श्रावक श्राविकाओं की जिज्ञासा का आगम सम्मत समाधान प्रवचन माध्यम से किया । श्राविका नारी पर्याय से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है, इसके उत्तर में आचार्य ने कहा कि सम्यक दर्शन, ज्ञान चरित्र जो धर्म है, उसका समीचीन पालन करके आप नारी पर्याय से छुटकारा पा सकते हैं । प्रवचन के दौरान एक श्रावक ने प्रश्न किया कि सर्वश्रेष्ठ गति कौन सी है तो आचार्य ने कहा कि मनुष्य गति ही श्रेष्ठ है, क्योंकि इससे आप संयम धारण करके मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। वर्ष 2026को वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर का चातुर्मास किस नगर में होने संबंधी प्रश्न पर आचार्य ने उत्तर देते हुए कहा कि चातुर्मास स्थापना की नियत तिथि को संघ जिस नगर में होगा वहा चातुर्मास स्थापित करेंगे। इसके पूर्व के प्रवचन हुए श्रीमद जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा प्राण महामहोत्सव के चौथे कल्याणक के पांचवें दिन विमान शुद्धि कलश यात्रा निकाली गई। संहितासूरि पंडित हंसमुख जैन धरियावद, प्रतिष्ठाचार्य मनोज कुमार के निर्देशन में महा यज्ञ नायक सहित सभी इंद्र द्वारा मंदिर वेदी वास्तु व हवन का आयोजन किया गया। वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के मौजूदगी में केवलज्ञान संस्कार क्रिया, अधिवासना, मुखोद्घाटन, नयनोन्मिलन, सूरीमंत्र, गुणारोपण, केवल ज्ञान पूजा, हवन, पद्मोद्घाटन, समवसरण दर्शन व 46 दीप से आरती, दिव्य ध्वनि का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों जैन समाज के लोगों ने भगवान पाश्र्वनाथ एवं आचार्य वर्धमान सागर महाराज के जयकारों से पांडाल को गूंजा दिया। वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य । आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन व चित्र अनावरण तथा आचार्य के चरण प्रक्षालन एवं जिनवाणी भेट पुण्यार्जक परिवारों द्वारा किए गए। सांयकालीन आरती करने के सौभाग्यशाली परिवार के लोग वर्धमान सभागार पहुंचे जहां पर श्रीजी की महाआरती की गई। शास्त्र सभा के बाद सांस्कृतिक का आयोजन किया गया । इसके पूर्व सुबह 10 बजे दीक्षा लेने के चार दिन बाद पाश्र्वनाथ महा मुनिराज आहार पर निकलते हैं। आचार्य वर्धमान सागर सहित संपूर्ण संघ की उपस्थिति में महा मुनिराज के आहार का सौभाग्य धनदत्त श्रेष्ठी के रूप में विमला देवी, गंभीरमल, पदम, अतुल कासलीवाल परिवार के बाद प्रतिमा धारी श्रावक श्राविकाओं के बाद संघ के आहार दाताओं को प्राप्त हुआ।

# सावधान! आपका मोबाइल है आपके बैंक खाते की चाबी

## नवनीत सिंह ने छत्तरगढ़ पुलिस थानाधिकारी का पदभार किया ग्रहण

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** आज के डिजिटल युग में मोबाइल और इंटरनेट जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं। जहां एक ओर यह तकनीक सुविधाएं लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधों ने आम आदमी की नींद उड़ा दी है। नवनियुक्त थानाधिकारी नवनीत सिंह ने सोसलमिडिया के बढते चलन के साथ आमजन को सावधान रहने के लिए संपर्क किया है। थानाधिकारी नवनीत सिंह ने बताया कि पुलिस थानों में अब चोरी, लूट या झगड़ों के साथ-साथ डिजिटल ठगी की शिकायतें आने लगी हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी अब हथियार नहीं, मोबाइल और इंटरनेट से वार कर रहे हैं वो भी बिना शिकार के पास गए। साइबर ठग खुद को बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर, या सरकारी कर्मचारी बताकर कॉल करते हैं। फिर किसी स्कीम या समस्या का बहाना बनाकर आपसे ओटीपी, डेबिट/क्रेडिट कार्ड नंबर, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी मांगते हैं। जैसे ही जानकारी मिली, आपके खाते से पैसे उड़ जाते हैं। पूर्व में लॉटरी या इनाम जीतने का लालच देकर लिंक पर क्लिक करवाना, सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर रिश्तेदार बनकर पैसे मंगवाना, मोबाइल स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स से फोन का पूरा कंट्रोल लेना, अश्लील वीडियो कॉल्स कर ब्लैकमेल करना, ई-कॉमर्स साइट पर नकली कस्टमर केयर नंबर देकर ठगी करना जैसे मामले आते थे। लेकिन अब साइबर ठग और अधिक शातिर हो गए है। छत्तरगढ़ पुलिस थानाधिकारी का पदभार ग्रहण करने बाद उन्होंने प्रेसवार्ता दौरान कहा कि आज कल साइबर ठगी के नए नए मामले सामने आए है,जिसमें नए नए तरीके अपनाए जाते है। वर्तमान में मैलवेयर को ऐप के जरिए मोबाइल में इंस्टाल करवाकर पूरे मोबाइल को हैक कर लेते है। इसके अलावा फिशिंग लिंक पर एक क्लिक करने पर ही बैंक खाता खाली हो जाता है। इसके बचाव के लिए एप्लिकेशन केवल आधिकारिक स्टोर से ही डाउनलोड करे। वहीं सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचे। सोशल मीडिया खातों पर टू स्टेप वैरिफिकेशन लगाए। यदि गलती से मैलवेयर आपके मोबाइल में इंस्टाल हो गया है तो फोन को तुरंत रीसेट कर दे। जिस ऐप का प्रयोग आपने बंद कर दिया उसे हटा दें। अपने वित्तीय खातों पर हमेशा निगरानी रखे। याद रखें कोई भी लिंक बिना जांचे न खोलें। अगर कोई कॉल या मैसेज संदेहास्पद लगे तो तुरंत काटें और पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करें। अगर ठगी हो जाए तो सबसे पहले 1930 पर कॉल करें या 222.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। जितनी जल्दी आप प्रतिक्रिया देंगे, आपके पैसे बचने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। छतरगढ़ थाने में साइबर हेल्प डेस्क के माध्यम से हम कई मामलों में तत्काल कार्रवाई कर चुके हैं और लोगों की मेहनत की कमाई को बचाया है। डिजिटल युग में सुरक्षा सिर्फ ताले से नहीं, सूझबूझ और सतर्कता से मिलती है। हर मोबाइल यूजर को अपने आप को एक डिजिटल नागरिक मानकर जिम्मेदारी निभानी होगी। यही साइबर अपराध के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।

# अवैध कनेक्शन काटने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने चलाया अभियान

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जलदाय विभाग की जल वितरण पाइप लाइन व राइजिंग मैन में उपभोक्ताओं द्वारा किए गए अवैध कनेक्शन काटने और शास्ती लगाने की कार्यवाही प्रगति पर है। विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री खेम चंद सिंगारिया ने समस्त अधिशासी, सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं को अवैध कनेक्शन काटने एवं बकाया राजस्व की वसूली की कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता अपने क्षेत्र के सभी अवैध कनेक्शन काटेंगे एवं इन्हें विच्छेद अथवा शास्ती लगाएंगे उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले में 1 अप्रैल से अब तक 2023 अवैध जल संबंध विच्छेद किए गए। पिछले सप्ताह बीकानेर शहर के मुरलीधर व्यास कॉलॉनी, चौंखुटी मोहल्ला, सर्वोदय बस्ती, चौधरी कॉलोनी, गोपेश्वर बस्ती, लाल गुफा रोड, धोबी तलाई, रानी बाजार, जेल रोड, विनायक नगर, भीनासर आदि क्षेत्रों में 27 अवैध जल संबंध विच्छेद किए गए। उन्होंने अवैध कनेक्शन करने वालों के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी रिर्पोट दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं।

# डी पी एस, उदयपुर में स्काउट व गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के विशाल प्रांगण में आज राजस्थान स्काउट व गाइड के पाँच दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य संजय नरवरिया बताया कि विद्यालय के लिए इस शिविर का आयोजन अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि उदयपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 150 विद्यार्थी ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर में विद्यार्थियों को स्काउट व गाइड के सैद्धांतिक ज्ञान के पक्ष को स्पष्ट करते हुए प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

उन्हें विभिन्न प्रकार की गाँठे लगाना, वृक्षारोपण, रोगी की प्राथमिक चिकित्सा, टेंट लगाना,प्रार्थना, प्राणायाम आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# राजस्व परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें राजस्व अधिकारी - सुराणा

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राजस्व अधिकारियों को बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला परिषद सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पीएलपीसी प्रकरणों में निर्णयों की समुचित पालना करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें।

राजस्व अधिकारी नियमित रूप से कोर्ट में समय देते हुए राजस्व परिवादों का निस्तारित ?करें। इसी के साथ राजस्व कार्यों में समयसीमा निर्धारित कर अपेक्षित कार्यवाही कर समयबद्ध ढंग से निस्तारित किए जाएं। उन्होंने तहसीलवार पीएलपीसी प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि पीएलपीसी में दर्ज प्रकरणों तथा विधि अनुभाग व न्यायालयों से संबंधित प्रकरणों का समुचित निस्तारण होकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम व तहसीलदार राजस्व की फील्ड स्तरीय टीम की नियमित रूप से बैठक लें तथा समुचित प्रबंधन से राजस्व कार्यों का संपादन करें। कार्यालय में प्राथमिक डिक्री, कुर्रेजात, अंतिम डिक्री, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, अतिक्रमण आदि के लंबित प्रकरणों को समयसीमा निर्धारित कर निपटाएं। जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान पीएलपीसी प्रकरणों, निर्वाचन गतिविधियों, सीएम जनसुनवाई प्रकरणों, राजस्व लेखा, ई फाइल व ईडाक सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर समुचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन गतिविधियों पर चर्चा करते हुए समयबद्ध ढंग से समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर —2026 के दौरान सभी ईआरओ व एईआरओ सुपरवाइजरों व बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करें तथा दिशानिर्देशानुसार गतिविधियां संपादित करें। एडीएम अर्पिता सोनी ने बैठक का संचालन करते हुए राजस्व प्रकरणों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की व आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम संतोष कुमार मीणा, सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, बीदासर एसडीएम अमीलाल यादव, रतनगढ़ एसडीएम मिथिलेश, तारानगर एसडीएम राजेंद्र कुमार, सरदारशहर एसडीएम रामकुमार वर्मा, चूरू एसडीएम सुनील कुमार, राजगढ़ एसडीएम मनोज कुमार, डीएलआर पवन तंवर सहित सभी तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

# हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के मामले में निगरानी समिति की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल व मृतकों के आश्रितों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लागू हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के मामलों में मुआवजा योजना के तहत मिल रहे पचास हजार और दो लाख रुपए योजना के मूल्यांकन के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती मांडवी राजवी ने जिले के थानाधिकारियों के साथ निगरानी समिति की बैठक ली। राजवी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा S.Rajaseekaran Vs. Union of India & Ors. में पारित आदेश की अनुपालना में केन्द्र सरकार द्वारा 'हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के मामलों में मुआवजा देने हेतु योजना की लागू की गई है।

योजना के तहत अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल व मृतकों के आश्रितों के लिए पचास हजार और दो लाख रुपए के मुआवजे का प्रावधान है, मुआवजे के लिए क्षेत्राधिकार वाले पुलिस थाना अथवा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। निगरानी समिति अध्यक्ष ने गत बैठक में प्रदत्त आदेशों की अनुपालना में पुलिस थानों द्वारा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर आवेदन करवाने के फलस्वरूप एक माह में 8 प्रकरणों में सोलह लाख रूपये का मुआवजा दावा निपटान आयुक्त एवं जिला कलक्टर द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

# कार धमाके में मारे गए निर्दोष लोगों का दी श्रृद्धांजली



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके में मारे गए सभी निर्दोष लोगों को मंगलवार को 'रक्षाबंधन' धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शर्मा ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। देश की राजधानी में निर्दोष नागरिकों की मृत्यु हम सभी के लिए पीड़ादायक है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति दें।

कांग्रेस पार्टी हमेशा मानवीय मूल्यों की रक्षा और आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता के पक्ष में खड़ी रही है। कार्यक्रम में फिरोज अहमद शेख, ओमप्रकाश आगाल, संदीप चित्तौड़ा, पारस जैन, कृपाशंकर मिश्रा, नरेंद्र कुमार जैन, दिनेश साहू, शंकर साहू, चौखा राम सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अब अपनी दुकानों पर गेहूं की उतराई नहीं होने देंगे डीग जिले के राशन डीलर

## राशन डीलर जिला एसोसिएशन ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर दी अपने इस निर्णय की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** राशन डीलर एसोसिएशन राजस्थान के आह्वान पर राशन डीलरो के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष राकेश गिरसै के नेतृत्व में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर को राशन डीलरों की दुकानो पर गेहूं की उतराई की राशि आगे से राशन डीलरो के स्थान पर परिवहन कर्ता से दिलाने की मांग की है। इससे पूर्व इस मुद्दे को लेकर राशन डीलर एसोसिएशन की जिला शाखा के पदाधिकारीयो की बैठक मंगलवार को जल महल परिसर में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी राशन डीलर अब आगे से गेहूं की अपनी दुकान पर अनलोडिंग की राशि नहीं देगा। स्वयं ठेकेदार को उतराई की राशि देनी होगी। राशन डीलरो का कहना है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में डोर स्टेप डिलीवरी के निर्देशानुसार यह व्यवस्था दी गई है कि परिवहन कर्ता द्वारा ही राशन दुकानों पर खाद्यान्न पहुंचाया जावेगा। इस प्रकार राशन दुकानों तक पहुंच की समस्त जिम्मेदारी परिवहन कर्ता की ही तय की गई है। लेकिन पूर्वी राजस्थान के 16 जिलों में मनमानी कर यह गेहूं की उतराई अनलोडिंग राशि 8 रूपए प्रति क्विंटल डीलर की जेब से दिलवाई जा रही है । जबकि प्रदेश के 25 जिलों में सरकारी निर्देशानुसार ठेकेदार ही उत्तराई राशि बहन कर रहे हैं। इस तरह से एक ही राज्य में एक ही सरकारी आदेश का दो तरह से पालन कैसे संभव है। इसलिए सभी राशन डीलरो ने तय किया है कि हम इस माह से गेहूं की अनलोडिंग राशि का बहन नहीं करेंगे । अब आगे से परिवहन कर्ता ही इसका बहन करेगा यदि इस दौरान यदि कोई गाड़ी राशन दुकान पर इस मुद्दे को लेकर खड़ी रहती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना काल में 2020 से लेकर 22 तक राशन डीलरो से आंगनबाड़ी केंद्रों का आईसीडीएस के पोषाहार का वितरण कराया था। लेकिन राशन डीलरो को आज तक उसके कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। इस अवसर राशन डीलर एसोसिएशन के संभाग संयोजक हेमसिंह फौजदार, जिला संरक्षक विजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रमेश जाट कुम्हेर, संदीप सिंह, विजय सिंह, रोशन लाल गुप्ता, बच्चू सिंह, राजू बंसल, नारायण सिंह, राजवीर सिंह, शंकर लाल सहित राशन डीलर एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गोपालकों की समस्याओं पर उमड़ा रोष

## राजस्थान गो सेवा समिति का चेतावनी भरा ज्ञापन, 16 नवंबर से उग्र आंदोलन की घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** श्री राजस्थान गो सेवा समिति, जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने क्षेत्र की गौशालाओं के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु मंगलवार को विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 15 नवंबर तक गौशालाओं की लंबित समस्याओं और बकाया सहायता राशि का निस्तारण नहीं हुआ तो 16 नवंबर से जिलेभर में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। समिति द्वारा ज्ञापन में बताया गया कि सरकारी सहायता राशि लंबे समय से अटकी हुई है, जिसके कारण कई गौशालाएँ आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। चारे-पानी, चिकित्सा एवं रख-रखाव जैसी मूलभूत व्यवस्थाएँ प्रभावित हो रही हैं। समिति का कहना है कि पूर्व में भी मुख्यमंत्री द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। अध्यक्ष रामदास जी महाराज ने कहा कि गौ संरक्षण हमारी परंपरा, संस्कृति और धर्म की मूल आत्मा है। सरकार को गौशालाओं को प्राथमिकता में लेकर त्वरित राहत प्रदान करनी चाहिए। विलंब अब स्वीकार्य नहीं है। संरक्षक जगमाल सिंह यादव ने कहा कि गौशालाएँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। जब सहायता राशि समय पर नहीं मिलती, तो पूरे प्रबंधन तंत्र की गति धीमी पड़ जाती है। यह गंभीर चिंता का विषय है। महासचिव बलरामदास जी महाराज ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि समिति कई वर्षों से निरंतर प्रयासरत है, परंतु सरकारी स्तर पर संवेदनशीलता की कमी दिखाई देती है। यदि अब भी समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन अनिवार्य होगा। जिला उपाध्यक्ष व पाँचूडाला श्रीराम गौसेवा समिति के संरक्षक लालचंद मीणा ने कहा कि गौ सेवा में लगे गोपालक विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, परंतु बिना सरकारी सहायता के गौशालाएँ संभालना कठिन हो गया है। सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना होगा। जिला सचिव व भूरीभड़ाज पंचायत प्रशासक कैलाश चंद स्वामी ने विशेष रूप से कहा कि गौशालाओं का संचालन केवल सेवाभाव से नहीं चलता, इसके लिए निरंतर संसाधन आवश्यक हैं। विभाग द्वारा देरी से दी जाने वाली सहायता गौशालाओं की जीवनरेखा को प्रभावित कर रही है। यदि समस्या जल्द नहीं सुलझी तो गोपालकों की पीड़ा आंदोलन का रूप लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि समिति अत्यंत अनुशासित है परंतु अब सब्र का बाँध टूटने लगा है। समिति ने विधायक कुलदीप धनकड़ से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों तक इस मामले को तत्काल पहुँचाएँ।

# लूणकरणसर का कालू गांव आदर्श सौर ग्राम घोषित

## कालू गांव में सोलर प्लांट लगाने पर अब 30 की बजाय मिलेगी 40 फीसदी सब्सिडी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिले की लूणकरणसर तहसील का कालू गांव आदर्श सौर ग्राम घोषित किया गया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कालू गांव को आदर्श सौर ग्राम घोषित किया गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई बजट घोषणा की समीक्षा बैठक में यह जानकारी जोधपुर विद्युत वितरण निगम अधीक्षण अभियंता के टीए श्री सीताराम चौहान ने दी। चौहान ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम के चयन को लेकर पहले चार गांवों मोमासर, कालू, आरडी 465 और पांचू गांवों का चयन किया गया था। इनमें कालू गांव में सर्वाधिक 4.54 मेगावाट के सोलर प्लांट लगे होने के कारण इस गांव का चयन आदर्श सौर ग्राम के रूप में समिति के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श सौर ग्राम घोषित होने से अब कालू में लगने वाले सोलर प्लांट में सब्सिडी 30 की बजाय 40 फीसदी मिलेगी। एसीएम श्री रणजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में बजट घोषणा 2024-25 और 2025-26 को लेकर विभागवार समीक्षा की गई।

बैठक में एसीएम ने सभी संबंधित विभागों की बजट घोषणाओं को लेकर अद्यतन जानकारी लेते हुए कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने को कहा। बैठक में संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बिखरे नीम के पत्तों व फटे गुब्बारों को साफ कर किया श्रमदान

# शहीद स्मारक पर नगर परिषद ने निभाई महोत्सव औपचारिकता

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** देशव्यापी महोत्स्व को औपचारिक रूप से मनाने का दृश्य देखना हो तो सिरोही में देखा जा सकता है। यहां नगर परिषद की ओर से नीम की पत्तियों व फटे गुब्बारों की सफाई कर श्रमदान की औपचारिकता निभाई गई। अवसर था राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित महोत्सव का। उल्लेखनीय है कि शहीद स्मारक पर तीन दिन पहले ही जिलास्तरीय कार्यक्रम हो चुका था। ऐसे में सफाई तो हो ही गई थी। उस समारोह के दौरान यहां लगाए गए गुब्बारों में से कुछ फट गए थे और परिसर में लगे नीम के पेड़ों से पत्तियां बिखरी पड़ी थी।

झाड़ू थामकर वे ही साफ कर दिए गए, ताकि श्रमदान की औपचारिकता हो सके।

**अहिंसा सर्किल से निकली बाइक रैली**

नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार 15 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसमें रैली व सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान आदि शामिल है। बाइक रैली अहिंसा सर्किल से शुरू हुई तथा शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए शहीद स्मारक तक पहुंची। यहां श्रमदान कार्यक्रम के दौरान सफाई कार्य किया गया। शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि व वंदे मातरम गायन के कार्यक्रम हुए। इस दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी अशोककुमार माली, कनिष्ठ अभियंता पंकज कंसारा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी चंद्रभान चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक ओमसिंह, हनुमानसहाय शर्मा, श्रवणकुमार, जगदीश पटेल आदि मौजूद रहे।



**सफाई के नाम पर औपचारिकता ही**

अच्छा रहता नगर परिषद की ओर से किसी अन्य सार्वजनिक स्थल की भी सफाई करवा दी जाती। महज तीन दिन पहले आयोजित महोत्सव को लेकर यहां सफाई हो चुकी है तो अब सफाई के नाम पर औपचारिकता ही निभानी है। नगर परिषद की ओर से शहीद स्मारक पर श्रमदान व पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# हिन्दुस्तान ज़िंक ने पिछले 5 वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से 10 लाख से अधिक युवाओं को बनाया सशक्त

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी, हिन्दुस्तान ज़िंक ने समग्र शिक्षा, कौशल विकास और समावेशी शिक्षण के अवसरों के माध्यम से अगली पीढ़ी को पोषित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। कंपनी के प्रमुख सामुदायिक कार्यक्रम - नंद घर, शिक्षा संबल, ऊँची उड़ान, और जीवन तरंग - गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में सुधार, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और दिव्यांग बच्चों को सशक्त बना रहे हैं। इन पहलों ने पिछले पाँच वर्षों में कंपनी के परिचालन क्षेत्रों में 10 लाख से अधिक बच्चों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। शिक्षा लंबे समय से हिन्दुस्तान ज़िंक के सामाजिक प्रभाव दर्शन का आधार रही है। अपनी शिक्षा संबल पहल के माध्यम से, कंपनी 140 स्कूलों के 35,000 से अधिक छात्रों को विज्ञान, गणित और अंग्रेजी में आधारभूत शिक्षा को मजबूत करते हुए सहायता प्रदान करती है। 30,900 से अधिक कक्षाओं का संचालन किया गया है ताकि समझ और प्रदर्शन के स्तर को बेहतर बनाया जा सके, जिससे कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 95 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। 66 में से 23 स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा कंपनी ने वैज्ञानिक जिज्ञासा को जगाने के लिए उदयपुर और पंतनगर में चार एसटीईएम प्रयोगशालाएँ भी स्थापित की हैं, 26 मॉडल स्कूल विकसित किए हैं और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाने के लिए 10 स्कूलों का नवीनीकरण किया है। हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, हर बच्चे को बिना किसी सीमा के सीखने, बढ़ने और सपने देखने का मौका मिलना चाहिए।

हिन्दुस्तान ज़िंक में, हमारी शिक्षा पहल केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका लक्ष्य आत्मविश्वास, जिज्ञासा और योग्यता का निर्माण करना है। एजुकेशन डे के अवसर पर और बाल दिवस के अवसर पर, मैं इस मौके पर आप सभी से आग्रह करता हूँ कि युवा मस्तिष्कों को सशक्त करें, जो ज्ञान, कौशल और समावेशन के साथ भारत के भविष्य को आकार देंगे।

## सचिन पायलट ने वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी को दी श्रद्धांजलि




**बढ़ता राजस्थान**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार अजमेर पुलिया पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी के देहांत पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस दौरान उनके साथ ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस जैन पंच, सेवादल प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पप्पू काठात, पूर्व सेवादल अध्यक्ष बालूराम सेन, जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद माथुर, कोषाध्यक्ष अशोक मूंदड़ा, सचिव हनुमान सांखला,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह रावत व नरेंद्र बोहरा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संयम ही असली ताकत ,नशा मुक्ति वार्ता में गूंजा जीवन संदेश

**बढ़ता राजस्थान**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के नगर परिषद रोड़ स्थित राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विधिक सेवा प्राधिकरण योजना के तहत नशा मुक्ति को लेकर एक विशेष वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुषमा जाखड़ और विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला थानाधिकारी विद्या मीणा ने शिरकत की कार्यक्रम में सुषमा जाखड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की लत युवाओं को अंधकार की ओर धकेल रही है, अब वक्त है इसे रोकने का। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से छात्र व छात्राओं को अवगत कराते हुए उन्हें समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।महिला थानाधिकारी विद्या मीणा ने कहा कि नशे की गिरफ्त में आने से परिवार टूटते हैं, सपने बिखरते हैं और जीवन असंतुलित हो जाता है। उन्होंने युवाओं से संयम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का संदेश दिया।इस अवसर पर संस्थान प्रधान रोहित जैन, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संकल्प लेते हुए विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का प्रण किया।

## महावीर इंटरनेशनल रॉयल वीरा ने जीवदया से की सेवा की शुरुआत




**बढ़ता राजस्थान**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना के साथ नवगठित महावीर इंटरनेशनल रॉयल वीरा केंद्र ने अपनी गतिविधियों की शुरुआत जीवदया कार्य से की। संस्था द्वारा विजयनगर रोड स्थित जैन दादावाड़ी में पक्षियों के लिए दाणा-मक्की डाली गई।कार्यक्रम का आयोजन वीरा पूजा व वीरा रूपेश कोठारी परिवार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्षा वीरा दीपशिखा सखलेचा, मंत्री वीरा संध्या बोहरा, वीरा पूजा कोठारी, वीरा विजयलक्ष्मी दक, वीरा पुनम मकाणा, वीरा रेणु सांड व वीरा कोमल मेहता सहित सदस्य उपस्थित रहीं।

## दिल्ली धमाके के बाद ब्यावर रेलवे स्टेशन पर बढ़ाई चौकसी,यात्रियों में सुरक्षा जागरूकता की नई पहल

**बढ़ता राजस्थान**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की पृष्ठभूमि में रेलवे सुरक्षा बल ने ब्यावर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा एवं जन जागरूकता अभियान चलाया यह अभियान महानिरीक्षक ज्योति कुमार सतीजा (रेसुब, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर) एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपक कुमार आजाद (अजमेर) के निर्देशन में आयोजित हुआ। निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में हमराह सउनि रामदेव मिठारवाल सहित आरपीएफ स्टाफ व जीआरपी टीम ने दोपहर 12.50 से 1.40 बजे तक स्टेशन परिसर में सघन जांच की। टीम ने प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, बुकिंग एवं आरक्षण कार्यालय, पार्सल कार्यालय, पार्किंग क्षेत्र सहित सवारी गाडियां संख्या 14701, 14702, 15014 में भी सुरक्षा जांच की।

## विधायक अशोक कोठारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाडा,(अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा शहर के विधायक अशोक कोठारी ने प्रदेश में विभिन्न विभागों के भवन विहीन सरकारी कार्यालयों को शीघ्र भूमि आवंटित कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है। विधायक कोठारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि प्रदेश में कई सरकारी कार्यालय वर्षों से किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। इस कारण राज्य सरकार को प्रतिवर्ष लाखों रुपये किराए के रूप में व्यय करने पड़ते हैं। दूसरी ओर, कई सरकारी भवन विद्यालयों या कार्यालयों के विलय अथवा नए भवनों के निर्माण के बाद खाली पड़े हैं, जो देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहे हैं। कोठारी ने कहा कि किराए के भवनों में चल रहे अथवा खातेदारी भूमियों पर स्थित कई कार्यालयों को अब तक भूमि आवंटन नहीं हुआ है। इस कारण आमजन को सुविधाएं प्रदान करने हेतु आयोजित किए जाने वाले शिविरों में भी अपेक्षित विस्तार संभव नहीं हो पाता। भूमि आवंटन के अभाव में ऐसे कार्यालय विकास कार्यों के लिए मिलने वाले विभागीय बजट से भी वंचित रह जाते हैं। विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेशभर में संचालित ऐसे सभी किराए के भवनों या खातेदारी भूमि पर स्थित कार्यालयों का सर्वे कराया जाए तथा उनके लिए शीघ्र भूमि आवंटन की कार्यवाही शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से न केवल विभागीय अधिकारियों और आमजन दोनों को सुविधा मिलेगी, बल्कि सरकार के राजस्व की भी बचत होगी, जो फिलहाल किराए के रूप में खर्च होती है।

### विशाल शोभायात्रा में कपासन क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया

## महाप्रसादी के साथ आज होगा तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन

**बढ़ता राजस्थान**

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्र के तुर्कियाखुर्द ग्राम में तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन के दूसरे दिवस मंगलवार विशाल शोभायात्रा का जवासिया ग्राम से आयोजन किया गया।जिसमे स्थानीय ग्रामवासियों सहित समीपवर्ती ग्राम क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

जानकारी अनुसार पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के ग्राम तुर्कियाखुर्द में सोमवार से आयोजित तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन के दूसरे दिवस मंगलवार को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।इससे पूर्व सोमवार को नारायण माटूनिया एंड पार्टी द्वारा भोज बगड़ावत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसके बाद साथ ही मंगलवार को विशाल शोभायात्रा का ग्राम जवासियां से आयोजन किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं धार्मिक गीत व भजनों पर झूमते-नाचते भाग लिया।शोभायात्रा का धार्मिक आयोजन स्थल श्री खाखलिया श्याम मंदिर तुर्कीयाखुर्द पहुंचकर समापन हुआ।

उल्लेखनीय है कि उक्त शोभायात्रा में शामिल रथ,ध्वज एवं झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।साथ ही भक्तिरस से ओत-प्रोत धार्मिक गीत एवं संगीत से चहुंओर भक्तिमय ऊर्जा का संचार होता रहा।इसके उपरांत मंगलवार सांयकल विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ।जिसमे प्रसिद्ध भजन गायक नरेश प्रजापत एवं गोपालदास वैष्णव द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी तथा झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत भगवान श्याम की विभिन्न लीलाओं का मंचन समस्त भक्तों एवं श्रद्धालुओं के मन को आनंदित करता रहा।



यहां उक्त तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय ग्रामवासियों एवं युवा वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का आज बुधवार को महाप्रसादी के साथ भव्यतापूर्वक समापन होगा।

## बालाचार्य निपुण नंदी महाराज ससंघ का नैनवां में हुआ भव्य स्वागत

**बढ़ता राजस्थान**

**नैनवां,(नि.स.)।** यहां कस्बे में मंगलवार को देईपोल चौराहे पर जैन संत बालाचार्य निपुण नंदी महाराज संघ की भव्य अगवानी करने संपूर्ण जैन समाज जैन के बंधु माताएं एंव बहने पहुंची। महिलाओ ने हाथो में पुष्प से भरे थाल लेकर आगवानी की गई। देईपोल चौराहे से गाजे-बाजे के साथ पदार्पण नगर में हुआ उपखंड कार्यालय शहीद भगत सिंह सर्किल होते हुए संसघ का जुलूस शांति वीर धर्म स्थल पर पहुंचा।रास्ते में अजैन परिवारों द्वारा भी मुनि संघ पर अपने घरों के बाहर खड़े होकर पुष्प वर्ष की गई'

रास्ते में जगह-जगह पर मुनि की भव्य पाद पक्षालन आरती पुष्प वर्षा की गई मालदेव चौक सदर बाजार होते हुए अग्रवाल बड़े जैन मंदिर पर पहुंचा महिला मंडलों द्वारा फूल सजाकर थालियों के अंदर मुनि जिनालय में भव्य मंगल प्रवेश कराया। धर्म सभा से पूर्व भगवान के चित्र दीप प्रज्वलित किया गया मंगलाचरण की प्रस्तुति श्रीमती टीना मोडीका द्वारा दी गई। धर्म सभा में आर्यिका जय श्री माता ने बताया कि गुरु के दर्शन से तकदीर बनती है । गुरु का सानिध्य एक पाठशाला है। धन के तीन रूप होते हैं ।दान,भोग, नाश, माया को चाहने वाला बिखरता है ईश्वर को चाहने वाला निखरता है। 'नाभि नंदी जी महाराज ने बताया' की धर्म रूपी गुरुओं का सहारा मिलना ही संसार से पार होने का मार्ग है। भगवान राम के हनुमान ने केवल मात्र दोनों पैरों का सहारा लिया था। इसी से हनुमान संसार से पार हो गए।



नैनवा मेरी जन्मभूमि है- जैन मुनि निर्मल नंदी ने कहा कि विदेश में भारतीय मिलने पर बहुत मन को प्रसन्नता होती है। जयपुर कोटा में जिले का मिलने पर प्रसन्नता होती है। फिर यह हमारी जन्म भूमि है। अनेक भक्तों से मिलने पर हमें अपार प्रशंसा इस नैनवा आने पर हुई है। वहीं बालाचार्य निपुण नंदी महाराज ने कहा कि जैन धर्म एक अहिंसा धर्म है। जो सभी जीवों की रक्षा करता है। विश्व के सभी 'धर्मों में णमोकार मंत्र से कोई बड़ा मंत्र नहीं है। तीन मुनियों तीन आर्यिका संघ का दोपहर 1:30 बजे बड़े मंदिर से विहार नैनवा से बनेठा ग्राम के लिए हुआ। 'धर्म सभा का संचालन पंडित नरेंद्र कुमार शास्त्री द्वारा किया गया।

## श्रीनगर माहेश्वरी सभा ने सत्कार ग्रुप सोडाणी परिवार को सौपा प्रशस्ति पत्र

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाडा,(अमित शर्मा)।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में श्री महेश नवमी पर्व 2025 के उपलक्ष पर आयोजित हुए रक्तदान शिविर में सत्कार ग्रुप द्वारा स्वर्गीय बाबूजी बंसीलाल सोडाणी की स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। मिडिया प्रभारीह पंकज पोरवाल ने बताया की इस शिविर में एक ही दिन में, एक ही स्थान पर 1014 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। इस सराहनीय कार्य के लिए आईडब्लूआर फाउंडेशन जमशेदपुर ने इसे विश्व रिकॉर्ड घोषित किया और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

श्रीनगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष केदार गगरानी और मंत्री संजय जागेटिया के नेतृत्व में सत्कार ग्रुप सोडाणी परिवार का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आगे भी निरंतर इसी समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गोविंद सोडाणी, शिव सोडाणी, रघु सोडाणी, लखन सोडाणी एवं माहेश्वरी समाज के रक्तदान शिविर मुख्य प्रभारी तरुण सोमानी, महेश जाजू, राकेश काबरा, अंकित सोमानी उपस्थित रहे।

### सडक़ सुरक्षा अभियान

## आई चेक-अप कैंप लगाया, चश्में और आई ड्रॉप बांटे



**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** प्रदेश में सडक़ दुर्घटनाओं पर रोकथाम लगाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे 15 दिवसीय सडक़ सुरक्षा अभियान के दौरान बूंदी जिले में किशोरपुरा टोल प्लाजा, इंद्रगढ़ टोल प्लाजा एवं के. पाटन टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण हेतु आई चेक-अप कैंप का आयोजन किया। इस मौके पर जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा ने कैंप में उपस्थित वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और उन्हें ड्यूटी के साथ साथ पर्याप्त नींद लेने के लिए भी प्रेरित किया। आई चेक-अप कैंप के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि आई कैंप में अब तक 600 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया है और 80 वाहन चालकों को आई ड्रॉप और चश्मे वितरित किए गए है। कैंप में नेत्र रोग सहायक भगवान काबरा, अक्षिता मीणा और मुकेश खत्री आदि ने वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण का कार्य किया। कैंप का निरीक्षण करने आए परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि आई चेक-अप कैंप राज्य सरकार के निर्देशानुसार 4 से 18 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे।

## पीएम श्री बापू नगर की छात्राओं ने किया मॉडल स्कूल का भ्रमण

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाडा,(अमित शर्मा)।** पी.एम. श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापुनगर की छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण की बस को स्थानीय पार्षद लव कुमार जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं का यह भ्रमण अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी गतिविधि के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने विवेकानंद मॉडल स्कूल, कोटड़ी का अवलोकन किया। मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य महावीर भट्ट ने छात्राओं को विद्यालय की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण करवाया।

कृषि महाविद्यालय के प्रयोगशाला सहायक आशीष मीणा ने छात्राओं को महाविद्यालय परिसर स्थित पोल्ट्री फार्म, हॉर्टिकल्चर, ऑर्गेनिक खेती, बीजोपचार, जीवामृत आदि की जानकारी देते हुए प्रायोगिक अवलोकन करवाया। शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्थाओं में व्याख्याता एम. कोडिस, सीमा जेठिया और सुनीता जोशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। उनके सहयोग से यह भ्रमण सफल एवं छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।

## सर्दी की दस्तक के साथ गुलजार हुई गर्म कपड़ो की दूकाने

**बढ़ता राजस्थान**

**नैनवां,(नि.स.)।** सर्दी की दस्तक के साथ ही कस्बे में गर्म कपड़ो की दूकाने सजने लग गई है। वैसे इस वर्ष अक्टूबर का पूरा माह ही बिना सर्दी के निकल गया। अब नवम्बर माह के शुरू होने के साथ ही सर्दी ने भी दस्तक दे दी हैं। गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए शहर के पंचायत समिति के सामने अदालत परिसर एंव बस स्टेण्ड पर बाहर लुधियाना, तिब्बत, यूपी के दूकानदारो ने दूकाने लगाना शुरू कर दिया है। बदलते मौसम के चलते अब लोगो ने गर्म कपड़े खरीदना षुरू कर दिया है। बाहर के लोगो के साथ अब स्थानीय दुकानदारो साथ ही ऊनी कपड़ों की दूकाने सजा दी है। दूकानो में ज्यादातर रंग-बिरंगे स्वेटर, मफलर, हाइनेक, गंजी व अन्य गर्म कपड़े की डिमांड रहती है। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में 200 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक के आइटम हैं। पुरुषों के लिए लेदर लुक जैकेटए पैराशूट फैबरिक जैकेट, स्पोर्टी जैकेट की रेंज है। वहीं महिलाओं के लिए शॉलए जैकेट, कुर्ती और लैगिंग आई हैं। यहां पर गर्म कपडों की फरवरी तक खरीदारी चलती है। दुकानदारों ने बताया कि लोग कार्डिगन, टॉप, कुर्ती, जैकेट, फ्रॉक व ओवरकोट लेना अधिक पसंद कर रहे हैं। बाहर से आये दूकानदारो ने बताया कि सर्दी में रजाई अब पुरानी परम्परा होती जा रही है। अब लोग ज्यादातर गर्म कंबल खरीद कर रहे है। जिसकी किमत एक हजार से तीन हजार से अधिक तक है। गर्म कंबलो में कई प्रकार की वैराईटीया मौजूद है। इस वर्ष सर्दी देरी से षुरू होने से अभी खरीददारी कम चल रही है। जैसे ही सर्दी का सितम षुरू होगा वैसे ही गर्म कपड़ो की डिमांड अधिक बढ़ेगी।



### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मरण उत्सव का आयोजन

## स्वदेशी संकल्प की न.पा. कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ने दिलाई शपथ

**बढ़ता राजस्थान**

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर पालिका मंडल कपासन के तत्वावधान में स्मरण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका कपासन क्षैत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिसमे स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारक व प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करने सहित राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान का सामूहिक गायन, सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यकरण एवं जनसहभागिता से श्रमदान इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




इस मौके पर नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों,पालिका कार्मिकों एवं गणमान्यजनो को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई गयी।उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद

नन्दकिशोर टेलर,भाजपा नगर अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, पार्षद अशोक विजयवर्गीय,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभुलाल बागड़ा,एससी मोर्चा संयोजक भागीरथ चंदेल,आशीष सोनी,न.पा.क. कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर,वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद गायरी,कनिष्ठ सहायक नन्दलाल मेनारिया,सचिन सोनवाल,प्रकाश शर्मा,नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,जमादार मुकेश कोदली,विशाल कोदली,नरेगा जेटीए रोहित पंचोली,शांतिलाल खटीक,शकील मोहम्मद,जगदीश गौड़,एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग,एनयूएलएम सीईओ प्रियंका गर्ग,राजकुमार खटीक,ललित पंवार आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग टीम द्वारा स्वयम" जेबीएन प्रोजेक्ट के तहत 'विविंग वंडर' इंडस्ट्रीयल विजिट का आयोजन



**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाडा,(अमित शर्मा)।** जीतो लेडिज विंग भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा उद्योगों की कार्यप्रणाली को जानने समझने की पहल के रूप में ''स्वयम'' जेबीएन प्रोजेक्ट के तहत 'विविंग वंडर' इंडस्ट्री विजिट का आयोजन किया गया। इसके तहत मण्डपिया चौराहा स्थित जेपीएल इंडस्ट्री का विजिट किया गया। जीतो लेडिज विंग भीलवाड़ा की चेयरपर्सन नीता बाबेल एवं चीफ सैकेट्री अर्चना पाटोदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में इस विजिट की रूपरेखा तैयार हुई थी। प्रोजेक्ट कन्वीनर अंकिता सेठी एवं नीतू चोरडिया, को-कन्वीनर प्रीति जैन एवं अमिता बाबेल के नेतृत्व में हुई इस विजिट का लक्ष्य जीतो लेडिज विंग की सदस्यों को वस्त्र निर्माण प्रक्रिया, रंगाई, फैब्रिक फिनिशिंग तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। जेपीएल इंडस्ट्री के डायरेक्टर साहिल बाबेल एवं प्रकाश नाहर ने लेडिज विंग की सदस्यों को टेक्सटाइल उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, आधुनिक मशीनरी के उपयोग, क्वालिटी स्टैंडर्ड्स तथा टेक्सटाइल उद्योग में हो रहे नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# आठ सालों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के बंद ट्रांसफर शुरू कर 5 सालों से अटकीं पदोन्नतियां देकर स्कूलों में रिक्त पदों को भरा जाए

## राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक से वार्ता कर सौंपा 15 सूत्रीय मांग पत्र

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने निदेशक प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट से मुलाकात कर प्रदेश के शिक्षकों, स्कूलों से जुड़ी लंबित समस्याओं पर बिंदु बार वार्ता कर जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की।

संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा निदेशक को प्रेषित 15 सूत्रीय मांग पत्र में बताया कि शिक्षा विभाग में विगत पांच शिक्षा सत्रों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों की वरिष्ठ अध्यापक पद पर पदोन्नतियां नहीं हुई है। जिससे प्रदेश में 45 हजार से अधिक वरिष्ठ अध्यापकों के पद रिक्त होने से उच्चमाध्यमिक स्कूलों में विद्यार्थियों की सुचारू शिक्षण व्यवस्था बाधित हो रही है।वहीं 80 फ़ीसदी मिडिल स्कूलों में प्रधानाध्यापक के पद रिक्त चल रहे हैं। यही नहीं हजारों शिक्षक प्रतिवर्ष बिना पदोन्नति पाए सेवानिवृत हो रहे हैं। एडिशनल विषय को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन प्रकरण में शिक्षा विभाग की ओर से पिछले दो सालों से कोई प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही है। संघ ने एसएलपी वापस लेकर सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर कानूनी फेरे में उलझी डीपीसी प्रक्रिया को शुरू कराते हुए थर्ड ग्रेड से वरिष्ठ अध्यापक पद पर वर्षों से लंबित पदोन्नतियां कर शिक्षक वर्ग को राहत दिलाए जाने, प्रदेश अध्यक्ष ने निदेशक से कहा कि लगातार प्रिंसिपल के तबादले किए जा रहे हैं व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापकों के स्थानांतरण की भी तैयारी है लेकिन एक दशक से प्रतिबंधित टीएसपी जिलों सहित तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 2018 से तबादले नहीं कर सबसे बड़े शिक्षक संवर्ग तृतीय श्रेणी शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है संघ ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों, प्रबोधक व शारीरिक शिक्षकों के भी स्थानांतरण जल्द शुरू कराये जाने, सेवारत शिक्षकों को इंटर्नशिप अवधि को कर्तव्य ड्यूटी मानते हुए वेतन भुगतान कराये जाने,सरकारी स्कूलों में बच्चों कीगुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों से मोबाइल के माध्यम से लिए जा रहे सभी ऑनलाइन कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर, शिक्षकों को बीएलओ, मिड डे मील, दूध वितरण सहित सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से पूरी तरीके से मुक्त कराये जाने की कृपा करावें तथा स्कूलों में मिड डे मील के कार्य को शिक्षकों से हटाकर स्वयं सेवी संस्थाओं या अन्य एजेंसियों को दिलाए जाने,प्रदेश के सभी डीईओ को सख्त आदेश जारी कर परिवीक्षा काल पूर्ण करने के बाद शिक्षकों के तय समय पर अनिवार्य रूप से स्थाईकरण व वेतन



निर्धारण आदेश जारी कराने,वाइस प्रिंसिपल स्कूल शिक्षा के वर्तमान सेवा नियमों में संशोधन कराते हुए युवा एवं प्रतिभाशाली शिक्षकों को आगे बढ़ने के अवसर मिले तथा पूर्व की भांति 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से एवं 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाने के प्रावधान लागू कराने का आग्रह किया है।

# भरतपुर के सुनियोजित विकास के सुझाव मुख्यमंत्री को भेजे

## समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने पत्र लिखकर भेजे सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर शहर के सुनियोजित विकास के सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विस्तृत सुझाव दिए हैं ताकि शहर स्वच्छ, आकर्षक एवं पर्यटकों का आकर्षण का केंद्र बन सके। गुप्ता द्वारा लिखे पत्र में सुझाव दिया है कि रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज से नई मण्डी होते हुए रेड-क्रॉस सर्किल तक की सड़क का चौड़ाईकरण करने, शहर के चारों ओर बने सर्कुलर रोड को 6 लेन में परिवर्तित करने, हीरादास से चांदपोल गेट एवं काली की बगीची से आर.बी.एम हॉस्पिटल तक के प्रस्तावित फ्लाईओवर के अंतिम बिन्दुओं तक दोनों ओर से अतिक्रमण हटवाकर बैरिकेड्स लगवाये जाएँ ताकि भविष्य में अतिक्रमण नहीं हो । पत्र में यह भी माँग की गई है कि रेड-क्रॉस सर्किल को जयपुर के सवाई जयसिंह सर्किल की तर्ज पर विकसित किया जाए ताकि भरतपुर में प्रवेश करने वाले पर्यटकों पर शहर की स्वच्छ व सुन्दरता की सकारात्मक छवि पड़ सके। इसी प्रकार डीग रोड पर स्थित विजय हॉस्पिटल के सामने मुख्य प्रवेशद्वार बनाया जाए और शीशम तिराया से हीरादास चौराहा तक की सड़क को अतिक्रमण मुक्त करा कर 6 लेन में परिवर्तित किया जाए क्योंकि इस सड़क पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। इसी प्रकार पुरानी कलेक्ट्रेट व पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के निकट घोषित किये गये सुपर बाजार को भूमि पर व्यावसायिक केन्द्र, रेस्टोरेंट, तथा मनोरंजन की सुविधाएँ विकसित की जायें । इन सुझावों के पुरे होने के बाद शहर में व्यापारिक एवं पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ेगी जिसका सीधा लाभ शहरवासियों को मिलेगा।

# कॉन्स्टेबल पर लॉ स्टूडेंट को धमकाने का आरोप

## बहन ने डीजी से की शिकायत, पुलिसकर्मी ने भी अगस्त में करवाई थी धमकी देने की एफआईआर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के सुभाष नगर के रहने वाली एक लड़की ने कॉन्स्टेबल की शिकायत डीजी से की है। लड़की का आरोप है कि डीएसटी में तैनात कॉन्स्टेबल मेरे भाई को बेवजह परेशान कर रहा है। कॉन्स्टेबल के संबंध अपराधियों के साथ हैं। कॉन्स्टेबल लोगों को डराने धमकाने के लिए सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो भी डालता है। उसके बाद भी उच्च अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। वहीं कॉन्स्टेबल ने अगस्त महीने में ही युवती के भाई के खिलाफधमकी देने की रिपोर्ट दर्ज करवा रखी है। इसमें कॉन्स्टेबल का आरोप है कि मधुसूदन ने उन्हें जान से मरने की धमकी दी थी। कहा था अब तुम डीएसटी में नहीं हो तुम्हे कौन बचाएगा। सीओ पंकज यादव ने बताया कि, दशरथ ने मधुसूदन के खिलाफधमकी देने की शिकायत की थी। जिसके बाद शांति भंग में मधुसूदन के खिलाफकार्रवाई की थी।

### बेवजह परेशान करने का आरोप

अर्चना निवासी सुभाष नगर ने बताया कि कॉन्स्टेबल दशरथ मीणा भरतपुर डीएसटी काम में तैनात है। दशरथ करीब डेढ़ साल से मेरे भाई मधुसूदन को परेशान कर रहा है। मैं खुद जयपुर से आरजेएस की तैयारी कर रही हूं। मेरा भाई एलएलबी कर चुका है अब वह जयपुर से एलएलएम कर रहा है। जब भी हम भाई बहन जयपुर आते हैं तो, दशरथ मीणा मेरे भाई को बुला लेता है। जबकि मेरे भाई के खिलाफ कोई भी थ्र् दर्ज नहीं है। जब भी हमने कॉन्स्टेबल दशरथ से बेवजह परेशान करने की वजह पूछी तो, वह अपशब्द बोलने लगता है। इसके बारे में अर्चना सीओ से भी शिकायत कर चुकी है।

### कॉन्स्टेबल ने भी की युवक की शिकायत

इस मामले पर एसपी दिगंत आनंद का कहना है कि एक लड़की ने डीएसटी के सदस्य के ऊपर अपने भाई को डराने धमकाने का आरोप लगाया है। कॉन्स्टेबल दशरथ ने भी महिला के भाई के खिलाफमथुरा गेट थाने में शिकायत दी है। इसकी जांच सीओ पंकज यादव कर रहे हैं। जांच के बाद भी पूरा मामला साफहो पाएगा।

# लापता भाई के 60-लाख के लिए दूसरे युवक को मारा

**अलवर.** अलवर में लापता भाई के बीमा के पैसे हड़पने के लिए अन्य युवक की हत्या के मामले में कोर्ट ने 7 साल बाद फैसला सुनाया। कोर्ट ने मुख्य आरोपी के दो दोस्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 20-20 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया। वहीं मास्टर माइंड अनिल फरार है। जिसके चलते मुख्य आरोपी पर फैसला लंबित रखा गया है। मंगलवार को अलवर के एडीजे कोर्ट संख्या-1 में फैसला सुनने के बाद मृतक युवक रामकेश के पिता राजू रोने लगे। उन्होंने कहा- सात साल से मैं अपने बेटे को न्याय दिलाने के लिए भटक रहा था। आज कोर्ट के फैसले से मुझे सच्चा न्याय मिला है।

# 12 सूत्रीय मांगों को लेकर डीग और नगर के प्रधानों ने दिया संभागीय आयुक्त को ज्ञापन

## प्रधानों को ही पंचायत समितियों का प्रशासक नियुक्त करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** राजस्थान प्रधान संघ जिला डीग की अध्यक्ष पंचायत समिति की प्रधान शिखा कोरेर ने नगर के प्रधान आरिफ खान के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम सभागीय आयुक्त भरतपुर टीना सोनी को अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।



ज्ञापन में प्रधान एवं पंचायत समिति के सदस्यों के चुनाव समय पर करवाये नहीं तो प्रशाषक प्रधान को ही नियुक्त किया जावे। प्रधान को अलग से पूरे महिने (30 दिन) एसी वाहन मय ड्राईवर तथा कार्यालय सहायक उपलब्ध करवायें। प्रधान के वाहन को टोल मुक्त किये जाने के आदेश प्रदान करवाये। प्रधान को राजस्थान हाउस / बीकानेर हाउस / सर्किट हाउस सहित राजस्थान के समस्त डाक बंगलों में ठहरने की अनुमति के आदेश जारी करवायें। आपदा प्रबंधन में पंचायत समिति 25000/- रूपये अनुदान राशि को बढ़ाकर 1000000 /- रूपये की जावे। पुराने व क्षतिग्रस्त, जर्जर भवन की जगह पंचायत समिति के भवन नये बनाने की स्वीकृति प्रदान की जावें। सी.से. स्कूल में मरम्मत, नये भवन व ब्लॉक लगाने की स्वीकृति प्रदान की जावे, मरम्मत में 2 लाख की सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रूपये किया जावे। जिला स्तरीय डीएमपीटी की कमेटी में प्रधान को सदस्य नियुक्त किये जाने के आदेश जारी करवायें।रजिस्टर्ड गोशाला जिनको सरकारी अनुदान मिल रहा है, उनमें पंचायती राज विभाग द्वारा विकास कार्य करने की अनुमती प्रदान की जावें। मनरेगा एसबीएम योजना में प्रधान को पूर्ण रूप से प्रशासनिक एवं वित्तीय नियन्त्रण हो,प्रधान को लम्बित जांच के दौरान निलम्बित नहीं किया जावें, जब तक की आरोप सिद्ध नहीं किया जावें तथा जिला स्तरीय कमेटियों में प्रधान को सदस्य बनाया जावे तथा उपखण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रधान की अध्यक्षता करवायी जायें।

# श्री कृष्ण कला मंच की ओर से निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** दिनांक 11-11-2025 को श्री कृष्ण कला मंच की ओर से नि:शुल्क संगीत प्रशिक्षण शिविर का शुभद्दरम्भ किया गया । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यप्रकाश कौशिक ,सुरेश कटारा जी , राजेश तिवारी जी ने माॅ सरस्वती पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया । उसके बाद कार्यक्रम संयोजक एवं संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर शरणविहारी कौशिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि संगीत ईश्वर से जोड़ने के साथ साथ मानसिक शान्ति एवं विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है । संगीत खुशी लाता है, हमारे मन को शांत करता है और हमें बिना शब्दों के अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में मदद करता है। चाहे गाएँ, सुनें या बजाएँ, संगीत हमारे व्यस्त जीवन में सुकून और प्रेरणा का स्रोत है। आइए हम सब 15 दिन तक संगीत का आनंद लें, क्योंकि यह दिलों को जोड़ता है और हर जगह खुशियाँ फैलाता है। विद्यार्थियो को गायन एवम वादन का प्रशिक्षण 15 दिवस तक चलेगा यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 25-11-2025 तक चलेगा।

# उच्चैन में सहायक आचार्यों ने रखी समायोजन की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, गांधीवादी आंदोलन की दी चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** उच्चैन के राजकीय कन्या महाविद्यालय में विद्या संबल योजना के तहत कार्यरत सहायक आचार्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम तहसीलदार रमेशचंद वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें हरियाणा राज्य की तर्ज पर राजस्थान में गेस्ट फैकल्टीज की सेवा सुनिश्चितता और समायोजन की मांग की गई है। सहायक आचार्यों ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से इस योजना के तहत कार्यरत हैं और उन्होंने शत-प्रतिशत परिणाम दिए हैं। हालांकि, सरकार ने राजसेस महाविद्यालयों में पांच साल के लिए 28,000 रुपए के मानदेय पर अस्थायी भर्ती की घोषणा की है। आचार्यों का कहना है कि विद्या संबल योजना में उनका चयन यूजीसी के नियमों के अनुसार हुआ था। उन्होंने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर उनकी मांगों को पूरा करने का निवेदन किया है। सहायक आचार्यों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे भविष्य में गांधीवादी तरीके से आंदोलन और आमरण अनशन करेंगे।

ज्ञापन सौंपते समय डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. ऋचा गुप्ता, डॉ. उपमा सिंह, डॉ. पूनम दीक्षित और डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य सहायक आचार्य उपस्थित थे।

# महिला नेतृत्व वाली उद्यमिता को सशक्त बनाने पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला निर्मती का होगा आयोजन

## मुख्य वक्ता होगें व्लर्ड बैंक के प्रतिनिधि

### विभिन्न राज्यों की 450 महिलाये अपने उद्यमिता दक्षता का प्रदर्शन करेंगी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** ग्रामीण भारत मे महिला नेतृत्व वाली उद्यमिता को सशक्त बनाने के लिए मंजरी फाउंडेशन के द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'उद्यमिता से भविष्य गढ़ती महिलाएं' का आयोजन धौलपुर में किया जाएगा। इस कार्यशाला निर्मती का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत मे मूल्य श्रृंखला विकास और बाजार संपर्कों के माध्यम से महिला-नेतृत्व वाली उद्यमिता को सशक्त बनाना है, जिससे ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ हो, टिकाऊ महिला उद्यमों को बढ़ावा मिले तथा मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण सुनिश्चित हो। यह आयोजन धौलपुर के प्रतिष्ठित मॉडल को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा, जो राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के 'पंचरत्न मिशन' पर आधारित है। इस मॉडल ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से 12,500 से अधिक महिलाओं को अफ्रीकी देशों जैसे माली और सेनेगल में भी सशक्त बनाया है, जहां साप्ताहिक बैठकें, ऋण चुकौती और रिकॉर्ड रखरखाव जैसे सिद्धांतों ने आर्थिक स्वावलंबन और सामुदायिक नेतृत्व को मजबूत किया है। मंजरी फाउंडेशन जैसे संगठनों के सहयोग से विकसित यह मॉडल ग्रामीण महिलाओं को पर्दा प्रथा से मुक्त कर छोटे व्यवसायों की स्थापना के लिए प्रेरित कर रहा है, जिसमें डेयरी, खाद्य पदार्थ, जैविक खेती आदि शामिल हैं। कार्यशाला में राजस्थान एवं अन्य राज्यों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 450 सशक्त महिलाएं, विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कृषि, डिजिटल मार्केटिंग एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों के प्रख्यात विशेषज्ञ, गैर-सरकारी संगठन तथा सामुदायिक संस्थाएं एक मंच पर एकत्रित होकर समावेशी ग्रामीण विकास के लिए अंतर-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय अनुभव एवं नीतियां साझा करेंगी।

# मंजरी फाउंडेशन के युवा कृषि विशेषज्ञ संदेश का अमेरिका में फेलोशिप के लिए चयन

## अमेरिका में प्राप्त ज्ञान जैविक कृषि मॉडल करेगा और मजबूत-संजय कुमार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मंजरी फाउंडेशन मे कृषि विशेषज्ञ के रूप मे कार्यरत संदेश का अमेरिका में प्रतिष्ठित फेलोशिप कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। यह चयन न केवल संदेश के व्यक्तिगत प्रयासों का प्रमाण है, बल्कि मंजरी फाउंडेशन की समग्र क्षमता और ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। इस फेलोशिप के माध्यम से संदेश अमेरिका में कृषि मे उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जो उन्हें वैश्विक स्तर पर ग्रामीण सशक्तिकरण की चुनौतियों से



निपटने के लिए नई अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। फेलोशिप के दौरान प्राप्त ज्ञान ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में नवीन पहलों को प्रेरित करेगा। मंजरी फाउंडेशन का मानना है कि ऐसे व्यक्तिगत विकास के अवसर संस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। जिसके तहत वे आगामी दो वर्षों तक अध्ययन करते हुए अपने संदेश रासायनिक-मुक्त खेती संदेश का शोध कार्य सतत कृषि, मिट्टी विज्ञान तथा जलवायु-अनुकूल फसल प्रणालियों पर केंद्रित होगा, जो भारत लौटने पर मंजरी फाउंडेशन के ग्रामीण किसान समुदायों के लिए नवीन तकनीकों को लागू करने में सहायक सिद्ध होगा। सन्देश ने अपने चयन का श्रेय मंजरी फाउंडेशन के निदेशक संजय कुमार को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और अनुभव के लाभ के कारण यें चयन हो पाया है। संस्था मेरे जैसे युवाओं को आगे बढ़ने के लिए इस तरह के प्लेटफार्म को उपलब्ध करवाने मे हर सम्भव प्रयास करती है।

# परिगणना प्रपत्र भरने में बीएलओ का सहयोग कर

## मतदाता ऑनलाइन भी परिगणना प्रपत्र भर सकते हैः जिला निर्वाचन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलक्टर एवं जिला निवाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्मिकों द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान परिगणना प्रपत्र बीएलओ के माध्यम से भरवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें बीएलओ द्वारा 4 दिसम्बर 2025 तक मतदाताओं का डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है तथा परिगणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में अधिकारी स्वयं एवं अपने-अपने समस्त अधिनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से परिगणना प्रपत्र को लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन विभाग जयपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध वर्ष 2002 की मतदाता सूची से स्वयं व परिवार के सदस्यों एवं अपने समस्त कार्मिकों की मैपिंग में संबंधित बीएलओं को सहयोग प्रदान करेंगे। स्वयं अपने परिवार के सदस्यों एवं अपने अधिनस्थ कार्मिकों के परिगणना प्रपत्र बीएलओं के माध्यम से भरवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# शहर में गोवंश बेचे जाने और सप्लाई की सूचना पर हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश

## प्रशासन ने नहीं की कोई कार्यवाही तो आंदोलन की चेतावनी

### मामले की जांच एवं खुले में बिक रहे मांस, मछली और अंडे को लेकर सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की मीट दुकानों पर सरेआम गौ मांस बेचे जाने की सूचना के बाद समस्त हिंदू संगठनों में आक्रोश देखा जा रहा है। गौ मांस की बिक्री और सप्लाई की सूचना के बाद मंगलवार को गौ रक्षक दल,बजरंग दल,हिंदू जागरण मंच,विश्व हिंदू परिषद के तमाम पदाधिकारीयो ने एकत्रित होकर उपखंड अधिकारी कार्यालय में नायब तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल को ज्ञापन सौपा। जिसमें तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है साथ में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन कोई एक्शन नहीं लेता है तो समस्त हिंदूवादी संगठन विरोध प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे। विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षक दल सेवा समिति के बैनर तले दिए ज्ञापन में पदाधिकारी ने आरोप



लगाया है की शहर में मीट की दुकानों पर सरेआम गौ मांस की बिक्री हो रही है। गोवंश और गौमाता को शहर के कसाई पाड़ा में काटा जा रहा है।

इसको लेकर सभी हिंदू समाज में आक्रोश है। प्रशासन को निश्चित स्थान पर कार्रवाई करने के साथ खुले में बिक रहे मीट की और अंडे की दुकानों को बंद करना चाहिए।

अगर गोवंश को काटा गया और खुले में मांस की बिक्री की गई तो अब बजरंग दल, गौ रक्षक दल और समस्त हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन ने ज्ञापन के आधार पर कार्रवाई नहीं की तो विरोध प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान बजरंग दल से जुड़े पदाधिकारी अंजनी, समीर गोस्वामी, भूरा पहलवान, सचिन दीक्षित, ऋषभ दिघर्रा लवकुश, राधेश्याम, सिंहराम, पीयूष, श्याम शर्मा, विपिन, बृजेश, मयंक, रवि, देशराज पवन, मयंक, नितिन गुर्जर, रवि गुर्जर, श्यामू शर्मा सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नौनिहालों को निमोनिया से बचाएगा 'सांस अभियान'

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का एक अहम कारण है। निमोनिया से शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए जिले सहित प्रदेश भर में 12 नवंबर से 28 नवंबर तक सांस अभियान चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि आशा-एएनएम के माध्यम से बीमार बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए डोर-टू-डोर सर्वे एवं उनके इलाज के लिए रेफरल व्यवस्थाएं एवं समुचित उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

## पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्रीमती रमेश रानी पत्नी श्री राजेंद्र कालड़ा निवासी 39. केशव नगरएस्कीम नंबर.13 अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आरण्एसण्वर्मा ने बताया कि अमित कालडा ने अपनी माता श्रीमती रमेश रानी के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र अमित कालड़ा ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## राजकीय महाविद्यालय में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रमानुसार स्नातक गृह विज्ञान की छात्राओं से रचनात्मक परख जॉच हेतु रंगोली प्रतियोगिता एवं वैस्ट मैटोरियल (अपशिष्ट पदार्थो) से निर्मित वस्तुओं से विभिन्न प्रकार के आकर्षित उत्पाद बनाये गये। जिसमें छात्रा रोशनी सैन ग्रुप प्रथम, पायल मीना ग्रुप द्वितीय एवं सुमन ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के. एल. मीना, गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अंशिका त्यागी निर्णायक मण्डल के सदस्य प्रो. जगजीत सिंह कविया, प्रो. मीनाक्षी मीना, डॉ. देशराज वर्मा, प्रो. आचंल मीना, प्रो. रजनी मीना, प्रो. मनीषा मीना, प्रो. मोनिका, डॉ. पी.एम. मीना, प्रो. ओमप्रकाश मीना, डॉ. शिव शर्मा, प्रो. अनिल कुमार शर्मा एवं विभाग की छात्राऐं आदि उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के दल-दल में मत फंसना, यदि ऐसी नौबत आए तो बताना-शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में कृष्ण सैनी ने पहली नियुक्ति पर कनिष्ठ सहायक के पद पर पदभार ग्रहण किया।इस मौके पर सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा के नेतृत्व में उनका माला -साफा पहनाकर व मुँह मीठा कराकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के दल -दल में मत फंसना यदि आपको कोई फाँसना चाहे तो हमें अवगत कराना। क्योंकि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन -जन तक पहुँचाने का दायित्व कर्मचारियों पर है। राजस्थान की भजनलाल सरकार पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के क़दमों पर चल रही है, जो जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर बहुत गंभीर नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि उसी का नतीजा है कि बेरोजगारी दूर करने के लिए भारतीयों का दरवाजा खोला गया है। जिस खुल्ले दरवाजे से आप अन्दर आए हैं ठीक उसी तरह आमजन तक दरवाजे खुले होने चाहिए। शर्मा ने उम्मीद जाहिर की है कि कृष्ण सैनी भी अपने पद पर रहते हुए ईमानदारी औऱ निष्ठाभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।उन्होंने स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी ही अभीशंषा पर कृष्ण सैनी की नियुक्ति उनके जन्मभूमि क्षेत्र में हुई है इसके लिए आपको सादर धन्यवाद। इस मौके पर विभिन्न समाजों के गणमान्य लोगों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र को किया जाए चालू:गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांची के ग्रामीणों ने युवा नेता धर्मपाल गुर्जर के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित को दो ज्ञापन सौंपे। ज्ञापनों में मांग की गईं है कि मीरापुर में स्थित शहीद हवलदार किशनलाल स्मारक स्थल से सती माता मन्दिर की ओर जाने वाले ग्रेवल सडक़ मार्ग पर डामरीकरण हो। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। गुर्जर ने बताया कि यही मार्ग है जो शमशान भूमि को जोड़ता है जिसमें लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दो सालों से बने उपस्वास्थ्य केन्द्र को भी खोलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इतने समय से बने उपस्वास्थ्य केन्द्र पर कोई कर्मचारी तैनात नहीं है उपस्वास्थ्य केन्द्र का भवन जजर्ऱ होने जा रहा है जो चिंता का विषय है। उपस्वास्थ्य केन्द्र खुलने से लोगों को स्थानीय स्तर पर जहाँ स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी वहीं भवन का रखरखाव भी सही तरीके से होगा।इस अवसर पर युवा नेता धर्मपाल गुर्जर, सुभाष गुरूजी, योगेश कुमावत, कृष्ण गुर्जर, महेश फौजी, राजू रावत, संजय रावत, राजेश रावत, योगेश रावत सहित सचिन मौजूद रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने की नई नियुक्तियां

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद(सुरेशबागोरा)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिला स्तर पर नई नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश जी पालीवाल ने संगठन विस्तार के तहत एपेक्स केलवा से भाजपा नेता महेंद्र कोठारी तथा पड़ासली से कन्हैयालाल पाराशर को भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है।इन नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिला अध्यक्ष पालीवाल ने बताया कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से इन नई नियुक्तियों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने आशा जताई कि दोनों कार्यकर्ता संगठन की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### तेरह दिवसीय णमोकार महामंत्र जाप के अनुष्ठान का भव्य समापन

# पवन जैन चौधरी जैन समाज रत्न की उपाधि से अलंकृत

बढ़ता राजस्थान





**अलवर (का.स.)।** तेरह दिवसीय णमोकार महामंत्र जाप के अनुष्ठान का समापन रविवार को स्कीम नंबर 10 स्थित जैन मंदिर में हुआ इस अवसर पर तीन दिगंबर जैन संतों का पिच्छी परिवर्तन सामान समारोह और हवन भी हुआ 3 दिगंबर जैन संतों का चातुर्मास भी संपन्न हो गया सुबह श्री जी के अभिषेक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । इसके बाद शांति धारा और नित्य नियम पूजन और णमोकार अनुष्ठान हुआ विधानाचार्य विजय भैया ने बताया कि 12000 लोगों ने 43,200 अध्य चढ़ाए। इस अवसर पर चार्तुमास में सेवा करने वाले 20 व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। संभव शरण की आरती भी की गई दिगंबर जैन संत उपाध्याय विज्ञानन्द जी महाराज पुन्यानंद मुनिराज और धैर्यानंद मुनिराज का पिच्छी परिवर्तन भी हुआ। समाज के लोग टोकरी में पिच्छी रखकर मंच तक गए इसके बाद जैन संतों को नई पिच्छी प्रदान की गई। उपाध्याय है विज्ञानंद महाराज ने अपनी पुरानी पिच्छी पवन जैन चौधरी परिवार पुन्यानंद जी महाराज ने अपनी पिच्छी रजनीश जैन परिवार और धैर्यानंद मुनिराज ने अपनी पुरानी पिच्छी राजेंद्र आशा जैन परिवार को प्रदान की। तीनों जैन संतों की नई पिच्छी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से आई इस दौरान संगीतकार प्रीति जैन जबलपुर और अभिषेक जैन जयपुर से *म्हारें आंगन में आई आज मंगल घड़ी* सहित अन्य भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर दिगंबर जैन विज्ञानंद जी महाराज ने प्रवचन में चार्तुमास का महत्व बताया । तीनों जैन संत 13 नवंबर को भरतपुर जिले के बोल खेड़ा के लिए पद बिहार करेंगे ।

### पवन जैन चौधरी जैन समाज रत्न की उपाधि से अलंकृत

दिगंबर जैन संत उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज ने चातुर्मास समिति के संयोजक पवन जैन चौधरी को जैन समाज रत्न की उपाधि से अलंकृत किया। दिगंबर जैन अग्रवाल पंचायती मंदिर के अध्यक्ष मुकेश जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण जैन गोधा, बडतला जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेंद्र जैन एडवोकेट, मुंशी बाजार स्थित जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने उन्हें अभिनंदन पत्र दिया। 28 अक्टूबर से शुरू हुए णमोकार महामंत्र जाप्य अनुष्ठान में करीब 2000 श्रावकों ने भाग लिया था। जैन समाज रत्न की उपाधि से अलंकृत होने के बाद प्रमुख समाज से भी और समाज के लिए एक मिसाल धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से समाज को एक जुटता का संदेश देने वाले समाजसेवी पवन जैन चौधरी को जैसे ही जैन समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया वे भावुक हो गए और उनकी अश्रुधारा बह निकली। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह मेरे व मेरे समाज के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि समाज के हर तपके ने हमारे द्वारा आयोजित किए गए चातुर्मास को सराहा गया। अध्यात्म का प्रचार प्रसार हो धर्म की स्थापना हो इसके लिए हमारी पूरी टीम कटिबद्ध है।

### कल होगा दो जैन उपाध्यायों का अलवर में पहली दफा मंगल मिलन

'आचार्य वसुनंदी महामुनि राज के दो परम प्रभाव शिष्य उपाध्याय वर्षभानंद जी मुनिराज एवं उपाध्याय विज्ञानंद जी मुनिराज का मिलन प्रात: 8रू.30 बजे श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी बाजार में होगा ,मुनि श्री बृजवानंद जी मुनिराज सत्संग जयपुर से बिहार कर दिल्ली की ओर जा रहे हैं एवं अलवर में मुनि श्री विज्ञानंद जी महाराज का एक अलौकिक चातुर्मास समाप्त हुआ है वह भी 13 तारीख को दोपहर 1 बजे बोलखेड़ा भरतपुर के लिए बिहार करेंगे।

### कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन

## गायत्री मंत्र से विद्यार्थी का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य नियंत्रित रहता है-डॉ.सरोज गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को प्रातः 9 बजे तिवाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर, मुंगस्का अलवर में अखिल विश्व गायत्री परिवार अलवर द्वारा प्रार्थना स्थल पर कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही श्री देवकीनन्दन अग्रवाल के नेतृत्व में युग साहित्य का पुस्तक मेला भी लगाया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रुचि के अनुसार जीवनोपयोगी पुस्तकें क्रय की। सर्व प्रथम संस्था प्रमुख रोहिताश्व तिवाड़ी एवं महिला अध्यापक द्वारा गायत्री परिवार की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डॉक्टर सरोज गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत वंदन किया गया। गायत्री महामंत्र का सामूहिक उच्चारण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए डॉक्टर सरोज गुप्ता ने गायत्री मंत्र का व्यापक और व्यवहारिक अर्थ बताया कि गायत्री मंत्र से विद्यार्थी का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य नियंत्रित रहता है,जिससे बौद्धिक विकास तेजी से होता है। दिनचर्या के नियमन हेतु नित्य उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देने से आंखों की ज्योति बढ़ती है,तथा शरीर में ओजस, तेजस और वर्चस की वृद्धि होती है। उन्होंने जीवन को स्वस्थ और सुंदर बनाने के लिए छात्रों को आगे बताया कि हम प्रातः खाली पेट चाय न पीकर गुनगुना पानी पिएं क्योंकि चाय स्लो पॉयजन है तो गुनगुना पानी अमृत है। कार्यक्रम को आगे गति देते हुए कुमारी प्रगति पाराशर ने छात्र छात्राओं को मोबाइल इंटरनेट के अत्याधिक उपयोग एवम दुरुपयोग से होने वाले खतरों से सावधान रहने के लिए कहा । उन्होंने बताया कि मोबाइल के अधिक उपयोग से अनिंद्रा, तनाव, चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन जैसे अनेक शारीरिक विकार बढ़ते जा रहे हैं। अंत में दौलत राम शर्मा एडवोकेट ने आध्यात्मिक, नैतिक और चारित्रिक उठान करने वाली मिशन की मासिक अखंड ज्योति और युग निर्माण योजना पत्रिका का ग्राहक बनने के लिए विद्यालय स्टाफ से अनुरोध किया। अंत में उन्होंने गायत्री परिवार का युग संविधान 18 सूत्रीय सत्संकल्प का पाठ सभी छात्रों से दोहरवाया। कार्यक्रम का समापन करते हुए संस्था प्रमुख तिवाड़ी ने गायत्री परिवार का आभार प्रकट कियाए तथा अनुरोध किया कि वे समय समय पर हमें व बच्चों को मार्गदर्शन देते रहें। इस अवसर पर गायत्री परिवार के श्री लाखनसिंह नरूका, चौधरी चरणसिंह, श्री मोहनलाल शर्मा, भगवानदास शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर वन विभाग की कार्रवाई

## तीन अतिक्रमण किए ध्वस्त



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** पंचायत समिति क्षेत्र के राजपुर बड़ा के समीपवर्ती नरवास क्षेत्र में वन विभाग ने वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। राजपुर बड़ा के फोरेस्ट गार्ड लोकेश चौधरी ने बताया कि राजगढ़ रेंज के वनपाल नाका कुंडला के अंतर्गत वन बीट राजपुर बड़ा के नरवास क्षेत्र में वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए निर्माणाधीन 3 अवैध अतिक्रमणों को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई वन विभाग द्वारा वन भूमि को सुरक्षित और संरक्षित करने के प्रयासों का हिस्सा है। रेंज राजगढ़ वनपाल नाका कुंडला के अंतर्गत वन बीट राजपुर बड़ा, नरवास निर्माणाधीन 3 अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कुंडला नाका स्टाफ, फ्लाइंग स्टाफ और नाका सदर स्टाफ के कर्मचारी मौजूद रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्र में अवैध कब्जे और निर्माण के खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा।

## सांसद व विधायक मेवाड़ ने ऐतिहासिक नौ चौकी पाल का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ द्वारा राजसमंद स्थित ऐतिहासिक नौ चौकी पाल (राजसमंद झील) का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहर के साथ विकास के नाम पर हुई छेड़छाड़ पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा, नगर परिषद आयुक्त श्री बृजेश राय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।सांसद और विधायक ने इस दौरान सम्पूर्ण नौ चौकी पाल परिसर, राजसमंद झील क्षेत्र, द्वारकाधीश मंदिर तक झील का एरिया देखा और मौके पर ही झील संरक्षण से लेकर भविष्य में होने वाले विकास कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने भी कहा कि विकास कार्यों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐतिहासिक स्मारकों, शिलालेख से कभी छेड़छाड़ न हो।सांसद और विधायक ने नौ चौकी पाल के प्रवेश द्वार की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की और मौके पर ही इसके सुधार को लेकर निर्देश दिए।

## 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड के समीपवर्ती राजपुर बड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मनोज शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपुर बड़ा के पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी प्यारेलाल जाटव ने की। वहीं कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद राजेंद्र तिवारी, राजपुर बड़ा सरपंच अंजना भारद्वाज रहे। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एडीपीसी मनोज शर्मा ने कहा कि ये प्रतियोगिताएं बालिकाओं को खेल के मैदान और सांस्कृतिक मंच पर अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है जिससे उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सपना शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले भर की 21 टीमें भाग ले रही है। इस मौके पर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी शर्मा, मंगतराम, पीईईओं राजपुर बड़ा प्यारेलाल जाटव, पीईईओं मोतीवाड़ा विनोद चंद्रवाल, सकट पीईईओ पूरणचंद मीना, मुकेश मीना, मामराज मीना, छोटेलाल मीना, कपिल मीना, अनिल कुमार शर्मा, हेमलता गुर्जर, मोनिका यादव, रजनी शर्मा, भामाशाह मनोहर लाल मीना, केदार प्रसाद सैनी, मांगीलाल वैध, एथलेटिक्स कोच विश्राम मीना, बनवारीलाल आदि उपस्थित रहे।

### तेली समाज राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मेवाड़ स्पोर्ट्स मोही का जलवा

# मेजबान सांवरिया क्रिकेट क्लब मगरिया उपविजेता विजेता टीम को 1.24 लाख का नगद पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** घांची कचेलिया तेली समाज की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मेवाड़ स्पोर्ट्स क्लब मोही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। करीब ग्यारह दिनों तक चले इस क्रिकेट महाकुंभ में राजस्थान भर की 51 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें खिलाडियों ने अपने दमदार खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। फाइनल मुकाबला मगरिया के खेल मैदान पर हुआ, जहां जोश और रोमांच से भरे माहौल में मेवाड़ स्पोर्ट्स मोही ने मेजबान सांवरिया क्रिकेट क्लब मगरिया को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।फाइनल में मेवाड़ स्पोर्ट्स मोही ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 159 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से विनोद तेली ने 31 गेंदों पर आतिशी अंदाज में 50 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि लादूलाल तेली ने 18 गेंदों पर 44 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में उतरी मेजबान सांवरिया क्लब मगरिया की टीम 108 रन पर सिमट गई। टीम के बल्लेबाज पूर्ण तेली ने 29 रनों का योगदान दिया, लेकिन बाकी खिलाड़ी मेवाड़ स्पोर्ट्स की धारदार गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सके।विजेता टीम मेवाड़ स्पोर्ट्स मोही को ?1.24 लाख का नगद पुरस्कार और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया, वहीं उपविजेता टीम सांवरिया क्लब मगरिया को ?42 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में नवरत्न तेली को मैन ऑफ द सीरीज, लादू लाल तेली को मैन ऑफ द मैच, मदन तेली को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, नंदू तेली को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और नरेश तेली को सर्वश्रेष्ठ फील्डर के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल रहे, जबकि अध्यक्षता दिग्विजय सिंह भाटी ने की। मंच पर प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, उप प्रधान सुरेश चंद्र कुमावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन कुमावत, भोलीराम तेली, हितेश पालीवाल, मुकेश जोशी, सोना कंवर, भेरूलाल जोशी, प्रताप तेली, जगदीश चंद्र तेली और नानालाल सिंदल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत नारायणलाल तेली, रामलाल तेली, मांगीलाल तेली, देवीलाल तेली, डालूराम तेली, रामेश्वरलाल तेली, धनराज तेली और गोपाल तेली ने किया। निर्णायक मंडल में जगदीश तेली, कमलेश तेली, नंदलाल, पुष्करलाल, चेतन कुमार, कन्हैयालाल और हीरालाल शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन लालूराम सिंधल (केलवा) और हीरालाल ने संयोजित रूप से किया। समापन समारोह के दौरान मैदान में उत्साह का माहौल देखने लायक था। विजेता टीम के खिलाडियों ने जीत का जश्न मनाते हुए ट्रॉफी लहराई तो दर्शकों ने तालियों और जयकारों से खिलाडियों का उत्साह बढ़ाया।तेली समाज की इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ने आपसी एकता, खेल भावना और समाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण पेश किया।

# जयपुर में ओपन कचरा डिपो पर एनजीटी सख्त

## प्रमुख शासन सचिव यूडीएच की कमेटी गठित कर मांगी तथ्यात्मक रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में वंडरलैंड पार्क के पास करीब 15 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में बनाए गए ओपन गार्बेज डिपो (खुले कचरा भंडारण स्थल) पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने मामले को पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा मानते हुए प्रमुख शासन सचिव यूडीएच, जिला कलक्टर और प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव की कमेटी गठित करते हुए कमेटी को मौके पर जाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। एनजीटी ने इस मामले में 12 जनवरी को अगली सुनवाई तय की है। न्यायिक सदस्य जस्टिस शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की खंडपीठ ने यह आदेश जयपुर निवासी सचिन ढाका व अन्य की ओर से दायर याचिका पर दिए।

### आधे जयपुर का कचरा जमा होता है

याचिका में कहा गया कि जयपुर नगर निगम ने मानसरोवर क्षेत्र के वंडरलैंड पार्क के पास लगभग 15 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में एक खुला कचरा भंडारण केंद्र बना रखा है। यहां आधे जयपुर का कचरा लाकर जमा किया जाता है, जिसे बाद में ट्रकों के माध्यम से शहर के बाहरी इलाके स्थित लैंडफिल साइट पर ले जाया जाता है।

# रोहतक में दिल्ली नंबर गाड़ी से 1 करोड़ कैश मिला

## ब्लास्ट के बाद पुलिस चेकिंग कर रही थी

बढ़ता राजस्थान

रोहतक (एजेंस)।। हरियाणा के रोहतक में पुलिस ने जांच के दौरान एक दिल्ली नंबर टैक्सी से एक करोड़ रुपए कैश बरामद किया है। गाड़ी में 4 युवक सवार थे। चारों गाड़ी से झज्जर की तरफ से आ रहे थे। चारों से जब कैश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। 10 नवंबर की शाम को दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद रोहतक पुलिस ने नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान शक के आधार पर कार को जांच के लिए रुकवाया गया। यहां पिट्ठू बैग से 500-500 की गड्डियां बरामद हुईं। हिरासत में लिए गए युवकों में 3 दिल्ली और एक रोहतक का रहने वाला है।

# तमिलनाडु-बंगाल में एसआईआर, सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से जवाब मांगा

## 2 हफ्ते का समय दिया; मद्रास और कलकत्ता हाईकोर्ट को सुनवाई करने से रोका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग से अलग-अलग जवाब मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। दोनों राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ डीएमके, सीपीआई (एम), पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई और टीएमसी नेताओं ने याचिकाएं दाखिल की थीं। कोर्ट ने तमिलनाडु में एसआईआर का समर्थन करने वाली एआईएडीएमके पार्टी की याचिका को भी सुनवाई में शामिल करने की परमिशन दी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट और कलकत्ता हाईकोर्ट से कहा कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फिलहाल आगे की सुनवाई न करें।

# उदयपुर-बेंगलुरु के बीच हवाई कनेक्टिविटी बढ़ेगी

## इंडिगो की तीसरी डायरेक्ट फ्लाइट आज से, फैमिली विजिटर्स को मिलेंगे ज्यादा ऑप्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर और कर्नाटक की आईटी हब बेंगलुरु के बीच अब कनेक्टिविटी बढ़ने जा रही है। इंडिगो एयरलाइंस 12 नवंबर से उदयपुर से बेंगलुरु के लिए अपनी दूसरी अतिरिक्त डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने जा रही है। इससे इस रूट पर कुल 3 डायरेक्ट फ्लाइट्स हो जाएगी। फिलहाल उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए इंडिगो की एक और एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक डायरेक्ट फ्लाइट संचालित हो रही है। उदयपुर से दिल्ली, मुंबई, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद और इंदौर के लिए हर दिन फ्लाइट चलती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी सेवा इसी महीने 1 नवंबर से शुरू की थी। अब इंडिगो की नई फ्लाइट जुड़ने से पर्यटक, बिजनेस ट्रैवलर्स और आईटी प्रोफेशनल्स को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि पहले सीमित फ्लाइट्स के कारण टिकट बुकिंग और समय में दिक्कत आती थी।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग तैयार

## ट्रंप बोले, जल्द होंगे हस्ताक्षर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौता लगभग तैयार है और जल्द ही उस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

ट्रंप ने यह टिप्पणी भारत में अमेरिका के अगले राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान की। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ एक नया समझौता कर रहे हैं, जो पहले से अलग होगा। इस बार दोनों देशों को बराबरी का लाभ मिलेगा। समझौते पर बात लगभग पूरी हो चुकी है और यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहेगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आपस में बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने भारत को अमेरिका का बेहद महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय साझेदार बताया। ट्रंप ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सर्जियो गोर भारत और अमेरिका के रिश्तों को और मजबूत करेंगे। भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक का घर है, दुनिया का सबसे बड़ा देशज हमारे प्रधानमंत्री मोदी के साथ शानदार संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और भी बेहतर बनाया है, क्योंकि वह पहले से ही प्रधानमंत्री के साथ दोस्ताना संबंध बना चुके हैं। सर्जियो गोर को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शपथ दिलाई। इस मौके पर विदेश मंत्री मार्को रुबियो और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट भी मौजूद थे। ट्रंप ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत तेज़ी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा साझेदार है। उपराष्ट्रपति वेंस ने भी गोर को बधाई देते हुए कहा कि वे और राष्ट्रपति ट्रंप, दोनों भारत को बहुत पसंद करते हैं। सर्जियो गोर ने राष्ट्रपति ट्रंप का धन्यवाद किया और कहा कि वे भारत-अमेरिका रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में पूरी मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा, मैं कई वर्षों से आपके साथ हूं और आगे भी रहूंगा। यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है और मैं दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं।

38 वर्ष के सर्जियो गोर इस पद पर नियुक्त होने वाले अब तक के सबसे युवा अमेरिकी राजदूत हैं और लंबे समय से ट्रंप के करीबी सहयोगी रहे हैं।

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 6 नक्सलियों का एनकाउंटर

## एक जिंदा पकड़ाया, शव और ऑटोमैटिक हथियार बरामद, नक्सली हिड़मा की मां बोलीं- सरेंडर कर दो बेटा



बढ़ता राजस्थान

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर बीजपुर जिले में जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 3 महिला नक्सली शामिल है। जवानों ने मौके से ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि जवानों ने बड़े नक्सल लीडर को घेर रखा है। मुठभेड़ नेशनल पार्क क्षेत्र में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर डीआरजी, दंतेवाड़ा डीआरजी और स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ को अंजाम दिया। बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि इंसास, स्टेनगन, 303 राइफल, विस्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद की गई है। वहीं बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि सुरक्षाबलों के लिए एक निर्णायक और महत्वपूर्ण बढ़त है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है, जब माओवादी संगठन नेतृत्वविहीन, दिशाहीन और मनोबलहीन स्थिति में अपने कुछ बचे हुए ठिकानों में सिमटकर रह गया है।

# सुनते थे मुख्य सचिव हट सकते हैं, इनका राजस्थान में मन लगता भी नहीं : गहलोत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मुख्य सचिव सुधांश पंत के कार्यकाल के बीच में छोड़कर केंद्र में जाने पर तंज कसा है। गहलोत ने कहा- मुख्य सचिव के आदेश आ चुके हैं तो मैं क्या कह सकता हूं सुनते रहते हैं कि पहले से कि हट सकते हैं, जा सकते हैं। इनका राजस्थान में मन लगता भी नहीं है, ऐसा सुनते रहते हैं। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- बाकी तो ये मेरे वक्त में भी एसीएस थे, तब भी इनका हमेशा रुझान रहा है कि मैं हमेशा दिल्ली में पोस्टेड रहूं। पता नहीं यह फैसला जो हुआ है यह तो मैं नहीं कह सकता, यह तो सरकार को मालूम होगा या खुद को मालूम होगा। सुधांश पंत को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। वे पहले भी केंद्रीय डेपुटेशन पर थे। गहलोत सरकार के वक्त कुछ समय वे जलदाय विभाग के एसीएस रहे, इसके बाद केंद्रीय डेपुटेशन पर चले गए थे। केंद्रीय डेपुटेशन से लौटने के बाद दिसंबर 2023 में मुख्य सचिव बने। अब कार्यकाल के बीच में ही केंद्र में जाने को लेकर कई तरह की चर्चा है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर गहलोत ने कहा- निर्दोष लोगों का मारा जाना बहुत दुखद है, ऐसी घटना कहीं भी हो दुखद ही होती हैं। हमने कहा है कि इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए, किस परिस्थिति में घटना हुई है। गहराई में जांच होनी चाहिए। मैं विश्वास करता हूं कि जिस प्रकार से बयान आ रहे हैं, गृहमंत्री ने बैठक भी ली है, उम्मीद करता हूं कि सच्चाई सामने आएगी।

### बिहार में चुनाव आयोग आंख मूंदकर बैठा रहा

बिहार विधानसभा चुनावों पर गहलोत ने कहा- बिहार में 25 साल में सबसे ज्यादा वोटिंग अच्छी हो रही है। हम सुनते हैं कि जो लोग नहीं आए उनका वोट कैसे पड़ सके, यह तमाम तरह की हरकतें कर रहे हैं। सच्चाई सामने आ जाएगी। महिलाओं को 10 हजार बांटे गए हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि महिला समझदार भी होती हैं। चुनाव के बीच 10 हजार बांटे गए, चुनाव आयोग आंखें मूंद करके बैठा हुआ है। ऐसा कभी हमने सुना नहीं है। चुनाव में जैसे ही आचार संहिता लागू होती है तमाम तरह की पाबंदी लग जाती है। अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री थे तब नेशनल हाईवेज पर उनके होर्डिंग्स लगे हुए थे। चुनाव आयोग ने उन पोस्टर और होर्डिंग्स को हटाया लेकिन अब कोई बोला, तमाम तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं फिर भी उम्मीद करते हैं कि इंडिया गठबंधन जीतेगा।

# प्रदेश में सर्दी बरकरार

## शीतलहर का असर : फतेहपुर, नागौर, करौली, दौसा में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तरी हवाओं के चलने राजस्थान में सर्दी बरकरार है। सोमवार को राजस्थान के 9 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ठंडी रात सोमवार को सीकर के पास फतेहपुर कस्बे में रही। अलवर, अजमेर, पिलानी, चूरू में भी तेज सर्दी रही। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहेगा। तापमान में सामान्य 1 से 2 डिग्री तक का उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे कम तापमान 6.8 फतेहपुर में और 6.9 डिग्री सेल्सियस नागौर में दर्ज हुआ। दौसा में सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.7, करौली में 9.7, चूरू में 9.6, अलवर में 9 और पिलानी, अजमेर में 9.8-9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में न्यूनतम तापमान 13.4, सीकर में 11.4, भीलवाड़ा में 11.6, चित्तौड़गढ़ में 11.8, उदयपुर में 11.9, गंगानगर में 11.6, जालौर में 11.3, जैसलमेर में 15.6, जोधपुर में 12.2, बीकानेर में 15 और बाड़मेर में 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### सिरोही में सबसे ठंडा दिन

सोमवार दिन में सिरोही में सबसे ठंडा दिन रहा। यहां दिन का तापमान 5 डिग्री तक गिर गया और 24.4 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। फतेहपुर में भी दिन के तापमान में गिरावट हुई और 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कल दिन का सबसे अधिक तापमान 33 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। बीकानेर में 31, चित्तौड़गढ़ में 30.4, जैसलमेर में 31.5, नागौर में 30.9, जालौर में 30.8, जोधपुर में 30.9, वनस्थली (टोंक) 30.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### पाकिस्तान में फिदायीन हमला, 12 की मौत

# पीएम शहबाज बोले- भारत ने कराया

## रक्षा मंत्री का अलग दावा- अफगानिस्तान जिम्मेदार

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अलग-अलग दावे किए हैं। पीएम शहबाज ने इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार बताया है। जबकि रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान सरकार पर हमले का आरोप लगाया। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार दोपहर फिदायीन हमला हुआ था। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# दिल्ली विस्फोट पर एकजुटता के लिए पीएम मोदी ने जताया भूटान नरेश का आभार

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने भूटान के चौथे नरेश के 70वें जन्मदिन समारोह के दौरान भारत के साथ एकजुटता के लिए वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। दिल्ली में हुई दु:खद घटना के बाद भूटान के लोगों ने पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष प्रार्थना की। इस पर पीएम ने करुणा और एकजुटता के इस अप्रतिम कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मैं इस भाव को कभी नहीं भूलूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, महामहिम चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भूटान की जनता ने एक विशेष प्रार्थना के माध्यम से दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद भारत की जनता के साथ एकजुटता दिखाई। मैं इस भाव को कभी नहीं भूलूंगा। पीएम मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे। उन्होंने भूटान के महामहिम चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राजपरिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है।

सदियों से भारत और भूटान का बहुत ही गहन आत्मीय और सांस्कृतिक नाता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होना भारत का और मेरा कमिटमेंट था, लेकिन आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

पीएम मोदी ने कहा, मैं रात भर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार विमर्श चलता था। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जायेंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार